डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित | पाक्षिक | 03.10.2022 से 09.10.2022 | वर्ष 39 | अंक 10 | मूल्य ₹10.00

पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए भी मिल रहा है सहयोग - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश के 91 हजार 498 विद्यार्थियों को लैपटाप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये का प्रोत्साहन

"राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियरिंग की पढ़ाई में सहायता के साथ उनमें उद्यमिता की दक्षता निखारने और व्यापार में प्रवेश कराने के लिए सहायता की व्यवस्था की गई है। युवाओं को स्टार्टअप आरंभ करने, नवाचार करने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित करें, भ्रमित न हों, लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासित रूप से कड़ी मेहनत करते हुए रास्ता बनाएं, सफलता अवश्य मिलेगी, राज्य सरकार आपके साथ है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए आयोजित मेधावी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। श्री चौहान ने प्रदेश में 12वीं कक्षा में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले वाले 91 हजार 498 विद्यार्थियों के खाते में लैपटाप के लिए 25-25 हजार रुपये आंतरित किए।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिक अंक अर्जित करने के लिए विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मेरी यही कामना है कि आप प्रगति के पथ पर बढ़ते रहें और महान भारत के निर्माण में अपना श्रेष्ठतम योगदान दें। शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। विद्यार्थियों को यह भाव मन में रखना होगा कि यह अभी पड़ाव है मंजिल आगे है और हमें मंजिल पाने के लिए निरंतर दृढ़-संकल्पित होकर परिश्रम करना है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि लैपटाप के लिए राशि की व्यवस्था कभी बंद नहीं होगी। श्री चौहान ने स्वामी विवेकानंद की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्ति जो लक्ष्य तय करता है और प्रयास करता है वह लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है। विद्यार्थी अपने कॅरियर के संबंध में निर्णय लें और उसके अनुसार पढ़ाई आरंभ करें।

श्री चौहान ने विद्यार्थियों को माता-पिता और गुरु का सम्मान करने, बहन-बेटियों के प्रति आदर भाव रखने, कभी नशा नहीं करने और अपने जन्म-दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प दिलाया।

प्रदेश में विद्यार्थियों को कॅरियर के संबंध में पर्याप्त मार्गदर्शन मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से यह प्रयास कर रही है कि विद्यार्थियों को भविष्य के कॅरियर के संबंध में पर्याप्त मार्गदर्शन उपलब्ध हो। इस उद्देश्य से यूनिसेफ के सहयोग से एस्पायर पोर्टल चलाया जा रहा है। देश की अग्रणी संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों और अभिभावकों की सहायता की जा रही है। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना, सीएम राईज स्कूल, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना आदि से यह प्रयास किया जा रहा है कि किसी भी मेधावी विद्यार्थी को अपनी पढ़ाई जारी रखने में कोई परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और सामाजिक सरोकारों के प्रति सक्रियता भी व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है।

समारोह में श्री चौहान ने भोपाल के श्री आनंद हिरमथ एवं श्री उत्सव सोनी, ग्वालियर की कु. प्रगति मित्तल, श्री लक्षदीप धाकड़, इन्दौर की कु. ईशा निगम एवं कु. हर्षिता संतोष पाण्डेय, जबलपुर की कु. अनुष्का फौजदार एवं कु. वेदांशी दुबे, नर्मदापुरम् की कु. सोनम पटेल एवं श्री सौरभ कुमार, रीवा की कु. आस्था सिंह एवं कु. रोशिता सिंह, सागर की कु. इंशिता दुबे एवं कु. अंशिका तिवारी, शहडोल के श्री चंद्र प्रकाश प्रजापति, उज्जैन की कु. दिव्यता पटेल और इतिशा चौधरी को लैपटाप के लिए प्रोत्साहन राशि के चेक प्रतीक स्वरूप प्रदान किए। श्री चौहान द्वारा प्रत्येक संभाग से प्रावीण्य सूची में सर्वोच्च अंक प्राप्त दो-दो विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान किए गए।

स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार मानते हुए कहा कि उनकी पहल से इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लैपटाप उपलब्ध कराना संभव हो पाया है। बदलते परिवेश में विद्यार्थी सक्षमता से आगे बढ़ेंगे और अपना भविष्य सुनिश्चित करते हुए प्रदेश के विकास में सहभागी बनेंगे।

तकनीकी शिक्षा विभाग

विद्यार्थियों को कैम्पस प्लेसमेंट के लिये करेगा तैयार

भोपाल, मध्यप्रदेश के इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा विभाग रिक्रूटमेंट के लिये आने वाली कम्पनियों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित करेगा। इसी कड़ी में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने एलीवेट-2022 कार्यक्रम को वेबिनार में लॉन्च किया। इस दौरान सेल्सफोर्स इण्डिया के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट श्री संकेत अटल ने जानकारी दी कि कम्पनी द्वारा लगभग 65 हजार विद्यार्थियों का डाटा सेल्सफोर्स के प्लेटफार्म पर अपलोड किया गया है। उन्होंने बताया कि सेल्सफोर्स द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों तक कैसे पहुंचें, यह सीखने के लिये एलीवेट-2022 कार्यक्रम किया गया।

कैम्पस प्लेसमेंट के लिये विद्यार्थी प्रथम वर्ष से होंगे तैयार

प्रदेश के इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट और स्किलिंग को मजबूत करने के लिये तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा अलग-अलग स्तर पर ट्रेनिंग कराई जायेगी। प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों में कम्युनिकेशन स्किल डेवलप की जायेगी। दूसरे वर्ष में क्वांटिटेव एप्टीट्यूड और तीसरे वर्ष में लॉजिक रीजनिंग और डिजिटल फ्लूएंसी की ट्रेनिंग दी जायेगी। फाइनल ईयर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्यूरिटी, डेटा एनालिसिस, क्लाउड कम्प्यूटिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों की ट्रेनिंग कराई जायेगी।

तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सभी इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेज को ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार करने को कहा गया है। प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे विद्यार्थियों के परफॉर्मेंस का रिव्यू कर कैलेण्डर तैयार करें। प्लेसमेंट सेल के लिये टाइम-टेबल में एक घंटा अतिरिक्त स्लॉट और स्टूडेंट प्लेसमेंट कम्पनी बनाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

खास खबर

दिव्यांगों के लिये चिकित्सालयों में बनायें अतिरिक्त वार्ड

भोपाल, आयुक्त निःशक्तजन श्री संदीप रजक ने कलेक्टर्स को भेजे पत्र में कहा है कि थैलेसीमिया, हीमोफीलिया और सिकल सेल रक्त विकार से पीड़ित दिव्यांगजनों को रक्त एवं उपचार की सुविधा के लिये जिले के प्रत्येक शासकीय चिकित्सालय में 5 से 10 बेड का अतिरिक्त वार्ड बनवायें। शासकीय चिकित्सालयों में इसके लिये अलग से कोई भी परीक्षण एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होने से रक्त विकार से पीड़ित दिव्यांगजनों को समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। अलग वार्ड बनने से समुचित उपचार व्यवस्था, चिकित्सक और नर्स की उपलब्धता बनी रहेगी। श्री रजक ने सभी कलेक्टर्स से कार्यवाही कर एक माह में जानकारी देने को कहा है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

युवाओं को रोज़गार

मध्यप्रदेश में पच्चीस लाख लोगों को आठ माह में स्व-रोज़गार से जोड़ा - मुख्यमंत्री

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बुधनी में 26 औद्योगिक संरचनाओं का लोकार्पण और भूमि-पूजन करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश के युवाओं को आश्वस्त किया है कि हर माह दो लाख युवाओं को स्व-रोज़गार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को स्व-रोज़गार योजना के चेक और स्वीकृति-पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को आगामी एक वर्ष में एक लाख शासकीय सेवाओं में नौकरी दी जायेगी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में रोज़गार और स्व-रोज़गार भी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 8 माह में ही 25 लाख युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तकनीकी और कुशल युवा उद्योग लगाने के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि युवाओं के लिए ही बनाई गई मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से 50 लाख रुपये तक का अपना स्व-रोज़गार शुरू करें।

श्री चौहान ने क्लस्टर आधारित उद्योगों की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक जगह पर अनेक उद्यमियों के समूह के आने से उत्पादन और रोज़गार का बड़ी संख्या में सृजन होता है। मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर, इंदौर, भोपाल और नीमच के क्लस्टर डेवलपर्स से वर्चुअल संवाद कर उनके उत्पाद और उनके द्वारा दिये जाने वाले रोज़गार की जानकारी ली।

श्री चौहान ने क्लस्टर के साथ आजीविका मिशन की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए नागरिकों का आह्वान किया कि चीन सहित दुनिया के अन्य उत्पादों के स्थान पर स्थानीय उत्पाद खरीदें। उन्होंने कहा कि बुधनी में 20 करोड़ रुपये की लागत से प्रारंभ हुए खिलौना क्लस्टर के खिलौनों की धूम दुनिया में होगी। भोपाल में दवा, बुरहानपुर में कपड़ा, इंदौर में फर्नीचर सहित अन्य सभी जिलों में भी क्लस्टर उद्योग आधारित उदाहरण बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने बुधनी में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे नर्मदापुरम् संभाग के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। उन्होंने बुदनी क्षेत्र में फोर लेन सड़कों के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि बुधनी के आस-पास आवागमन की बेहतर सुविधाओं से और भी उद्योग आयेंगे, जिनसे पूरा क्षेत्र समृद्ध होगा।

जिलों में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल गठित की जाएं – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश व्यापार संवर्धन परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए।

भोपाल, मध्यप्रदेश से निर्यात होने वाली सामग्री की गणना में कृषि उत्पादों को जोड़ा जाए। कृषि से संबंधित सामग्री के निर्यात के लिए योजना बनाई जाए। इससे किसानों के उत्पादों का सही मूल्य मिल सकेगा। जिलों में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन कर जिलों से निर्यात को प्रोत्साहित किया जाए। यह काउंसिल, निर्यात के साथ समग्र व्यापार पर आवश्यक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराए। प्रदेश के उत्पादों जैसे संतरा, चावल आदि की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने विशेष प्रयास किए जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश व्यापार संवर्धन परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी का तेजी से क्रियान्वयन किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश निर्यात मेला आयोजित करने पर सहमति दी।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाए। अगले 5 वर्षों में प्रदेश से होने वाले निर्यात को 4 गुना बढ़ाया जाए। यह सुनिश्चित करें कि निर्यात में प्रदेश देश के 10 अग्रणी राज्यों में हो। बैठक में प्रदेश में निर्यात संचालनालय के स्थापना के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई। साथ ही प्रदेश के उत्पादों के जियो टैगिंग के लिए एजेंसी को नामित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई।

जानकारी दी गई की प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 58 हजार 407 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

24 सितम्बर

स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन का पोखरण में सफल परीक्षण

● जैसलमेर के पोखरण फायरिंग रेंज में टाटा एडवांस डिफेंस सिस्टम लिमिटेड ने एएलएस-50 लॉयटरिंग म्यूनिशिन ड्रोन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान ऑटोनॉमस वर्टिकल लैंडिंग टेकऑफ सिस्टम (वीटीओएल) सहित कई खूबियों वाले इस ड्रोन ने तय लक्ष्यों पर सटीक निशाने लगाये। परीक्षण के दौरान टाटा डिफेंस सिस्टम के विशेषज्ञों के अलावा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक और सेना के अधिकारी भी मौजूद थे। इस परीक्षण के दौरान एएलएस-50 ड्रोन की हमला करने की क्षमता को परखा गया। यह ड्रोन टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड द्वारा स्वदेशी तकनीक के साथ विकसित किया गया है। यह ड्रोन लंबी दूरी तक सफर करने के साथ ही दुश्मन के ठिकानों को ढूंढ़कर उन पर सटीकता से प्रहार करने में सक्षम है।

● भारतीय सेना और रक्षा भू-सूचना विज्ञान और अनुसंधान प्रतिष्ठान (डीजीआरई) ने संयुक्त रूप से सिक्किम राज्य में देश का पहला हिमस्खलन निगरानी रडार स्थापित किया है। इस रडार का उपयोग हिमस्खलन के साथ ही भूस्खलन का पता लगाने के लिए भी किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह रडार तीन सेकेंड के भीतर हिमस्खलन का पता लगाने की क्षमता रखता है। यह रडार लघु सूक्ष्म तरंग की एक श्रृंखला का उपयोग करता है। इससे अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सैनिकों और नागरिकों के साथ-साथ वाहनों को बचाने में भी मदद मिलेगी।

25 सितम्बर

देश में प्रतिदिन 10 लाख आयुष्मान भारत कार्ड वितरित करने का लक्ष्य

● आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत केंद्र सरकार का लक्ष्य प्रतिदिन 10 लाख आयुष्मान भारत कार्ड जारी करना है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने आरोग्य मंथन कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए दी। श्री मांडविया ने बताया कि 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित इस योजना के तहत 19 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले रोजाना एक से डेढ़ लाख आयुष्मान भारत कार्ड बनाए जा रहे थे, लेकिन अब प्रतिदिन चार से पांच लाख आयुष्मान भारत कार्ड बनाए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य इसे भविष्य में दोगुना यानी 10 लाख कार्ड प्रतिदिन करना है।

● देश का रक्षा उद्योग निरंतर प्रगति कर रहा है। बीते पांच वर्षों में देश से रक्षा उत्पादों का निर्यात 334 प्रतिशत बढ़ गया है। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने बताया कि देश से अब 75 से अधिक देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। पीआईबी ने बताया कि भारत का रक्षा क्षेत्र क्रांति की कगार पर है, पिछले पांच वर्षों के दौरान रक्षा निर्यात में भारी इजाफा हुआ है। केंद्रीय रक्षा सचिव श्री अजय कुमार ने बताया कि मेक इन इंडिया पहल के तहत देश में स्वदेशी रक्षा उत्पादों के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

26 सितम्बर

ढाई वर्ष बाद फिर खुली भारत और भूटान सीमा

● कोरोना महामारी के कारण दो वर्ष से अधिक समय तक बंद रही भारत और भूटान सीमा एक बार फिर आमजनों के लिए खुल गई है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की छठवीं बटालियन परिसर के कमांडर लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि भूटान सीमा पर अर्धसैनिक बल की एक कंपनी तैनात की गई है। सुरक्षा जांच के बाद लोगों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध स्थापित हैं। भारत-भूटान का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों, संचार और एकता को बनाए रखना है। सीमा पार करने के लिए लोगों को मूल मतदाता पहचान पत्र दिखाना होता है।

● हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् (ईपीसीएच) ने लेटिन अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में मेड इन इंडिया-ट्रेड शो का आयोजन किया। इस आयोजन में देश के दस राष्ट्रीय शिल्पकार और निर्यातकों ने विभिन्न प्रकार के भारतीय कलाकृतियों और हस्तशिल्प जैसे होम डेकोर, होम फर्निशिंग, फैशन ज्वेलरी और एसेसरीज आदि उत्पादों का प्रदर्शन किया। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राकेश कुमार ने बताया कि इस ट्रेड-शो का उद्घाटन ग्वाटेमाला के उपराष्ट्रपति और कार्यवाहक राष्ट्रपति गुइलेर्मो कैस्टिलो और ग्वाटेमाला में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा ने किया।

27 सितम्बर

एनटीए ने जारी किया सीयूईटी-पीजी का रिजल्ट

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-पीजी) का परिणाम जारी कर दिया है। एनटीए ने सभी विषयों की मेरिट लिस्ट और टॉपर के नाम अलग-अलग घोषित किए हैं। एनटीए ने बताया कि विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की गई इस परीक्षा में 6.02 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर जाकर अपना परीक्षा परिणाम चेक कर सकते हैं। उम्मीदवारों को रिजल्ट चेक करने के लिए आवेदन संख्या और जन्मतिथि का उपयोग करना होगा।

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के शोधकर्ता ने कैंसर मरीजों की कीमोथेरेपी के लिए एक नई रणनीति तैयार की है। शोधकर्ताओं ने कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी की दवाओं के दुष्प्रभावों से बचाने वाली एक तकनीक विकसित की है। इस तकनीक के जरिए दी जाने वाली दवा सीधे कैंसर से ग्रस्त कोशिकाओं (सेल्स) को ही खत्म करती है, जिससे दवा का शरीर पर दुष्प्रभाव न के बराबर होता है। आई.आई.टी. गुवाहाटी के रसायन शास्त्र विभाग के प्रोफेसर देवाशीष मन्ना ने बताया कि शोधकर्ताओं ने ऐसे अणुओं का विकास किया है, जो दवाओं को एकत्र कर स्वयं कैप्सूल में बदलकर कैंसर से ग्रस्त कोशिकाओं से चिपक जाते हैं। जब इन कैप्सूल पर बाहर से इंफ्रारेड प्रकाश डाला जाता है तो ये कैप्सूल टूट जाते हैं और उनमें एकत्र दवा कैंसर वाली कोशिकाओं को सीधे अपनी चपेट में लेती है।

28 सितम्बर

वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस मिसाइल का सफल परीक्षण

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के चांदीपुर रेंज से वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइल का सफल परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान मिसाइल की दो उड़ानों का परीक्षण किया गया। डीआरडीओ ने बताया कि इन मिसाइलों को जमीन पर स्थित पोर्टेबल लॉन्चर से प्रक्षेपित किया गया। वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम एक पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई) हैदराबाद द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। इस मिसाइल सिस्टम को कम दूरी पर कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए बनाया गया है।

● केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से खाली पड़े अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित पदों को जल्द भरने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही सामाजिक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए बैंकों के प्रमुखों से कहा कि वे बैंकों में आउटसोर्स किए जा रहे कर्मचारियों, विशेषकर सफाई कर्मचारियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करें।

29 सितम्बर

नेशनल एग्जिट टेस्ट के लिए एनएमसी नियमों में किया गया बदलाव

● केंद्र सरकार ने देश में एमबीबीएस पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की परीक्षा की जगह बनाए गए नेशनल एग्जिट टेस्ट की व्यवस्था को स्थगित कर दिया है। अगले सत्र से एग्जिट टेस्ट की जगह एमबीबीएस अंतिम वर्ष की परीक्षा पहले की तरह होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय नेशनल एग्जिट टेस्ट की अवधि बढ़ाने के लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) एक्ट-2019 में बदलाव किया है। एनएमसी-2019 एक्ट के अनुसार सितंबर-2022 के बाद से एमबीबीएस अंतिम वर्ष की परीक्षा की जगह नेशनल एग्जिट टेस्ट आयोजित किए जाने का कानून पारित किया गया था।

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को तीन महीने के लिए और बढ़ाने का फैसला लिया है। इस योजना के तहत गरीबों को दिसम्बर 2022 तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा। कोरोना महामारी के दौरान निम्न आय वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अप्रैल 2020 में इस योजना की शुरुआत की गई थी। अब तक अलग-अलग चरणों में इस योजना से देश के 80 करोड़ गरीब लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

30 सितम्बर

सेना को मिला पहला स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान

● भारतीय सेना में पहला स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान शामिल किया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने आर्मी एविएशन कॉर्प्स को यह हेलिकॉप्टर सौंपा। आर्मी एविएशन कॉर्प्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए.के. सूरी ने बताया कि सेना ने एक जून 2022 को बेंगलुरू में अपनी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) यूनिट बनाई थी। इस यूनिट को अगले वर्ष तक सेना की पूर्वी कमांड के तहत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास शिफ्ट किया जायेगा। सेना में कुल 95 हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर शामिल किए जायेंगे। ये हेलिकॉप्टर दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम है, इनमें फ्रांस में बनी हवा से हवा में मार करने वाली मिस्ट्रल मिसाइल लग सकती है।

● केंद्र सरकार ने छोटी बचत योजनाओं पर मिलने वाले ब्याज की दरों में वृद्धि की है। वित्त मंत्रालय के अनुसार जिन छोटी बचत योजनाओं में ब्याज दर में वृद्धि की गई है, उनमें डाकघर की दो वर्ष तथा तीन वर्ष की सावधि जमा योजनाएं, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, मासिक आय खाता योजना और किसान विकास पत्र शामिल है।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार बढ़ी हुई ब्याज दरें एक अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2022 की अवधि के लिए है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2022-23
MASTER OF PHYSIOTHERAPY (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports)
2 years PG Degree Program, Eligibility : BPT
BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
4½ years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.
BACHELOR MEDICAL LAB. TECHNICIAN
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.
BACHELOR OF HUMAN NUTRITION
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN MEDICAL LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN DIALYSIS TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN ANESTHESIA
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN X-RAY RADIOGRAPHER TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN OPTOMETRIC REFRACTION
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN CATH. LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
Attached with People's Teaching Hospital 1500 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. | Separate hostel facility Scholarship facility available. | Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. | Educational Visits and Student's Tour.
Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
R-47617/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 40 03.10.2022 से 09.10.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

जनता की सेवा और विकास पहली प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

जनता की सेवा और प्रदेश का विकास मध्यप्रदेश सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। मुख्यमंत्री राजगढ़ जिला मुख्यालय पर 256 करोड़ रुपये की लागत वाले शासकीय मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता की है और जनता की सेवा भगवान की पूजा जैसी है, मैं अपनी जनता का पुजारी हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान इसलिए चलाया गया है ताकि सभी पात्र नागरिकों को रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई, पढ़ाई और रोज़गार जैसी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि उनके राज में राजगढ़ सहित प्रदेश में कोई भूखा और कोई भी परिवार बिना मकान के नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे सरकार को जमीन खरीदना पड़े, पर किसी भी परिवार को बिना मकान के नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना की मंच से ही पड़ताल करते हुए कलेक्टर को निर्देश दिए कि 31 अक्टूबर तक सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बन जायें। कलेक्टर ने बताया कि अब तक 6 लाख 90 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने राजगढ़ वासियों से कहा कि मेडिकल कॉलेज बन जाने से अब जिले में ही उत्कृष्ट उपचार मुहैया होगा और 150 बच्चों को मेडिकल की शिक्षा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज चाहे प्राइवेट हो या सरकारी, बच्चे चाहे आरक्षित हों या अनारक्षित यदि मेधावी हैं, तो उनकी 8-10 लाख तक की फीस राज्य सरकार भरेगी। मुख्यमंत्री ने राजगढ़ में बनाए गए बड़े बांधों सहित तमाम तरह के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजगढ़ आगामी 5 वर्षों में कृषि के क्षेत्र में पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों से भी आगे निकल जाएगा। उन्होंने किसानों से भूमि को रसायन से बचाने के लिए और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने सिंचाई से छूट गए गांवों के किसानों को आश्वस्त किया कि पानी को रोककर उन क्षेत्रों में भी सिंचाई का इंतजाम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आमजन को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार गुंडे, बदमाशों और माफियाओं को ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहन-बेटियों को सभी तरह की सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने आजीविका मिशन की बहनों से कहा कि वे मन लगाकर काम करें। सरकार की मंशा है कि बहनों कि महीने में 10 हजार रुपये की आय हो। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को विकास के लिए संकल्प भी दिलाया और कहा कि निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के साथ नागरिक भी अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने जनसहभागिता से ग्रामीण स्वच्छता में अच्छा काम होने पर जिलेवासियों की सराहना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने कॉलेज भवन के मॉडल का अवलोकन किया। दिव्यांगों के बीच कुछ समय बिताया और 22 दिव्यांगों को ट्राई-साइकिल वितरित की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन एवं स्व-सहायता समूहों को 5 करोड़ रुपये राशि के चेक प्रदान किए।

मंगल पर ऑक्सीजन उपलब्ध होगी

विभिन्न देशों की कोशिश रही है कि मनुष्य को मंगल पर भेजा जाए। समय-समय पर इस दिशा में प्रयास भी होते रहे हैं, लेकिन मंगल पर मनुष्य की पहुंच में सबसे बड़ी बाधा है वहां ऑक्सीजन का न होना। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा भी मंगल पर इंसानों को भेजने की योजना बना रही है, लेकिन अब वैज्ञानिकों ने मंगल पर ऑक्सीजन की कमी को दूर करने का नया तरीका खोज निकाला है। वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह के वातावरण में ऑक्सीजन उत्पादन के लिए एक नई प्लाज्मा आधारित तकनीक की खोज की है। इस तकनीक का इस्तेमाल मंगल के वातावरण में मौजूद कार्बन डाईऑक्साइड को तोड़ने में किया जा सकता है इससे इंसानों को सांस लेने के लिए ऑक्सीजन उपलब्ध करायी जा सकती है। वैज्ञानिकों का दावा है कि यह नई प्लाज्मा आधारित तकनीक मंगल पर न केवल इंसानों को ऑक्सीजन की कमी को दूर कर सकेगी, बल्कि इसका इस्तेमाल ईंधन को संसाधित करने और मंगल पर निर्माण सामग्री संबंधी उर्वरक बनाने के लिए भी किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल का वायुमंडल मुख्य रूप से कार्बन डाईऑक्साइड से बना है। इसे अलग करके ऑक्सीजन और कार्बन का उत्पादन किया जा सकता है। लिस्बन विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और डच इंस्टीट्यूट ऑफ फाउंडेशन एनर्जी के शोधकर्ताओं का कहना है कि मंगल पर ऑक्सीजन के उत्पादन के लिए दो बड़ी बाधायें हैं। लिस्बन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉक्टर वास्को गुएरा का कहना है कि पहली बाधा ऑक्सीजन निकालने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड अणुओं का अपघटन करना है। उन्होंने कहा कि चूंकि इन अणुओं को अलग करना बहुत मुश्किल है। दूसरी बाधा ऑक्सीन को गैस मिश्रण से अलग करना है, जिसमें कार्बन डाईऑक्साइड और कार्बन मोनो ऑक्साइड शामिल है, उन्होंने कहा कि नई तकनीक एक ही समय में दोनों चुनौतियों को हल कर सकती है इससे सांस लेने लायक हवा यानि ऑक्सीजन और हाइड्रोजन यानि ईंधन बनाया जा सकता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व डाक दिवस **09 अक्टूबर**

नये संचार माध्यमों के रूप में आज भी मौजूद हैं डाक सेवाएं



डाक यानी चिट्ठी अथवा संदेश के आदान-प्रदान की एक लम्बी परम्परा और इतिहास रहा है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में भी फेसबुक, वाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और ई-मेल की शक्ल में डाक सेवाओं की मौजूदगी आज भी संचार के शाश्वत माध्यम के रूप में बरकरार है। पारम्परिक स्वरूप जो डाक का था यानी लिफाफे, अन्तर्देशीय और पोस्टकार्ड वे सभी अब इतिहास की बात होते जा रहे मगर इन सबके बावजूद डाक का एक रोचक इतिहास रहा है। जलप्रवाह में तैरते फूलों में रखकर खत भेजने और फिर कबूतरों या बाज़ के पैरों में बांधकर खत भेजने और अंततः ऊंट या घोड़े पर सवार डाकिये और अब साइकिल पर या उससे भी आगे स्कूटी पर डाक बांटते पोस्ट मैन तक डाक सेवा ने सदियों तक फैला लम्बा सफर तय किया है। डाक सेवा के गौरवशाली इतिहास के पुनर्स्मरण के लिये विश्व के लगभग सभी देशों में - 'विश्व डाक दिवस' मनाया जाता है। डाक विभाग का जो ध्येय वाक्य है- 'अहर्निशं सेवामहे' अर्थात् दिन-रात सेवा में तत्पर, वो सेवाओं के सन्दर्भ में सबसे उपयुक्त माना जाता है। विभाग के डाककर्मियों ने सभी परिस्थितियों में जिस समर्पण भाव से सेवाएं दीं, वो स्तुत्य और सराहनीय हैं।

वैश्विक डाक संघ की स्थापना

स्विट्जरलैंड में वर्ष 1874 में 09 अक्टूबर को वैश्विक डाक संघ (यूनीवर्सल पोस्ट यूनियन) की स्थापना को संचार क्रांति की शुरुआत माना जाता है। यू.पी.आई. का गठन स्विट्जरलैंड के वर्न शहर में बाईस देशों द्वारा एक संधिपत्र पर हस्ताक्षर के साथ हुआ था। वैश्विक डाक संघ के स्थापना दिवस वाले दिन अर्थात् 09 अक्टूबर को समूचे विश्व में - 'विश्व डाक दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का निर्णय संघ ने वर्ष 1969 में जापान की राजधानी टोक्यो में लिया था। इसे एक सुयोग ही कहा जायेगा कि इस दिवस के आयोजन का प्रस्ताव भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य आनंद मोहन नरूला ने रखा था। वैश्विक डाक संघ का एक और महत्वपूर्ण उपक्रम है - 'डाक संचालन परिषद' जिसको अंग्रेजी में पोस्टल आपरेशन्स काउन्सिल कहते हैं। यह वैश्विक डाक संघ का तकनीकी और संचालन संबंधी निकाय है। इस परिषद के सदस्य राष्ट्रों की संख्या चालीस है जिसमें भारत भी शामिल है। परिषद के सभी सदस्य राष्ट्र परस्पर डाक व्यापार के संचालन और आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों में विमर्श करते हैं। परिषद ने डाक व्यापार के आर्थिक पक्ष पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया और अपने सदस्य देशों को डाक सेवाओं के प्राथमिक लक्ष्य जनसेवा के साथ ही लाभार्जन के लिए सचेष्ट रहने की बात भी कही। परिषद ने डाक प्रेषण के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए सभी सदस्य देशों को बेहतर और द्रुत सेवाओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धी दरें तय करने का आग्रह भी किया।

भारत में डाक सेवाएं

भारत में डाक सेवाओं का आरंभ वर्ष 1766 में हुआ था और आठ साल बाद तत्कालीन वायसराय वारेन हेस्टिंग ने वर्ष 1774 में कलकत्ता में पहले डाकघर का शुभारम्भ किया था। भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरुआत ईस्वी सन् 1852 में हुई थी और महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला विशेष डाक टिकट 01 अक्टूबर 1854 को जारी किया गया था। भारतीय डाक विभाग द्वारा अभी तक का सबसे बड़ा डाक टिकट 20 अगस्त 1991 को जारी किया गया था। आरम्भ में इसे पृथक से विभाग का दर्जा प्राप्त नहीं था। भारत में एक विभाग के रूप में - 'भारतीय डाक विभाग' की स्थापना 01 अक्टूबर 1854 को हुई थी। आजादी के समय देशभर में 23,344 डाकघर थे। इनमें से 19,184 ग्रामीण क्षेत्रों में और 4,160 शहरी क्षेत्रों में थे। जबकि 31 मार्च 2021 की स्थिति में देशभर में 156434 डाकघर थे। जिसमें से 141055 डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में थे। शहरी डाकघर की संख्या 15379 थी, वहीं विभागीय कर्मचारियों की संख्या 169953 थी। ग्रामीण डाक सेवकों की संख्या 244328 थी। इस तरह भारत आज विश्व का सबसे बड़ा पोस्टल नेटवर्क बन गया है। पोस्टल नेटवर्क के विस्तार में खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में डाक घरों को शुरू करने का योगदान रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक, देश में एक डाकघर 21.83 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 8,086 लोगों की जनसंख्या को अपनी सेवा प्रदान करता है। देशभर में डाकघरों को प्रधान डाकघरों, उपडाकघरों तथा शाखा डाकघरों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। सभी डाकघर एक जैसी पोस्टल सेवाएं प्रदान करते हैं, बस डिलिवरी का काम विशिष्ट डाकघरों के जिम्मे रहता है। वर्ष 2006 से वर्ष 2008 तक डाक टिकट को अलग-अलग खुशबुओं से सुवासित किया। तेरह दिसम्बर 2006 को चन्दन की खुशबू से, सात फरवरी 2007 को गुलाब की खुशबू से और 26 अप्रैल 2008 को जूही की खुशबू से डाक टिकट सरोवार थी।

कोरोना में भी सक्रिय रहे डाककर्मी

डाक विभाग नवीनतम टेक्नोलॉजी के साथ जहां कस्टमर फ्रेण्डली सेवाएं लागू कर रहा है वहीं कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में डाककर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए कोरोना वॉरियर्स के रूप में अहम भूमिका निभाई। दवाओं, मास्क, पीपीई किट्स, वेंटिलेटर से लेकर कोरोना टेस्टिंग किट्स तक जरूरतमंदों और अस्पतालों तक पहुंचाया, वहीं शहर से लेकर गांव तक लोगों को उनके दरवाजे पर ही बैंक खातों से नकदी निकालकर देने का अभूतपूर्व कार्य किया। अब डाकिए के हाथ में स्मार्ट फोन है और बैग में एक डिजिटल डिवाइस भी है। डाक विभाग ने उन लोगों की अस्थियां भी हिन्दू रीति-रिवाज के तहत उनके धार्मिक स्थलों पर प्रवाहित करने का काम किया जो कि कोरोना काल में मृत्यु को प्राप्त हो गए थे। डाक विभाग के माध्यम से मृतक की आत्मा की शांति के लिए उनकी अस्थियों को उनके परिजन द्वारा सुझाए गए तीर्थ तक विसर्जन के लिए भिजवाया। डाक विभाग ने इसके लिए केवल रजिस्ट्री का खर्च लिया, अन्य किसी प्रकार का कोई खर्च नहीं।

डाक सेवाएं, डाकघर से ई-पोस्ट और अब डाक भुगतान बैंक तक

ब्रिटिश इंडिया के तत्कालीन वायसराय जनरल वारेन हेस्टिंग ने कलकत्ता में पहला डाकघर स्थापित किया था। कलकत्ता के बाद दो महानगरों मद्रास में वर्ष 1786 और बम्बई में वर्ष 1793 में डाकघर की स्थापना की गई थी। डायरेक्टर जनरल पोस्ट के संयुक्त नियंत्रण में अक्टूबर 1854 को डाक विभाग का विधिवत गठन किया गया। वर्ष 1863 में रेल डाक सेवा (रेल मेल सर्विस) आरम्भ की गई और वर्ष 1873 में पहली बार नक्काशीदार लिफाफों की बिक्री की गई थी। डाक सेवा के सफर की वो शुरुआत वर्ष 2006 में ई-पेमेंट और वर्ष 2018 में डाक भुगतान बैंक तक पहुंच गई है। वर्ष 1876 में डाक विभाग यूनिवर्सल पार्सल पोस्टल यूनियन में शामिल हुआ। धनादेश यानी मनी आर्डर (एम.ओ.) सेवा वर्ष 1880 में आरम्भ हुई थी। हवाई मार्ग से डाक भेजने की - 'एअर मेल' सेवा वर्ष 1911 में आरम्भ हुई और पहला एअर मेल इलाहाबाद से नैनी भेजा गया था। प्रतियोगी परीक्षाओं और नौकरी के आवेदन के समय युवाओं का सामना शुल्क चुकाने के लिए इंडियन पोस्टल ऑर्डर से जरूर हुआ होगा, इस सेवा का आरम्भ 1935 में हुआ था। डाक त्वरित, सुगम और सही पते पर पहुंचे इसके लिये डाकघर को पोस्टल इंडेक्स नम्बर व्यवस्था से वर्ष 1972 में 15 अगस्त से जोड़ा गया। इस इंडेक्स नम्बर को पिन कोड कहा गया। छः अंकों के इस कोड में पहला अंक पोस्टल जोन को, दूसरा अंक पोस्टल डिवीजन और तीसरा अंक पोस्टल डिस्ट्रिक्ट और शेष तीन अंक पोस्ट ऑफिस को दर्शाता है।

प्रतिस्पर्धी सेवा है स्पीड पोस्ट

वर्ष 1986 में निजी कुरियर सेवाओं के मुकाबले डाक विभाग ने अपेक्षाकृत ज्यादा विश्वसनीय - 'स्पीड पोस्ट' सेवा आरम्भ की। यह भारतीय डाक विभाग की पहली प्रतिस्पर्धी सेवा है। वर्ष 1984 में डाक जीवन बीमा सेवा का शुभारम्भ किया गया। शुरुआत में डाक विभाग को डाक-तार विभाग कहा जाता था। वर्ष 1985 में विभाग दो हिस्सों- डाक विभाग और तार विभाग में बंट गया। बदलती प्रोद्यौगिकी से हमकदम होते भारतीय डाक विभाग ने 1990 में मुम्बई और चेन्नई में स्वचालित डाक प्रसंस्करण केन्द्र भी आरम्भ किये गये। वर्ष 1995 में ग्रामीण डाक जीवन बीमा सेवा आरम्भ की गई और अगले साल 1996 में मीडिया डाक सेवा और वर्ष 1997 में बिजनेस डाक सेवा आरम्भ की गई थी। सैटेलाइट के माध्यम से संचार सुविधा के विस्तार के साथ ही वर्ष 1998 में उपग्रह डाक सेवा आरम्भ की गई और वर्ष 1999 में डाटा डाक और एक्सप्रेस डाक सेवा शुरू हुई। वर्ष 2000 में ग्रीटिंग पोस्ट सेवा की शुरुआत की गई और धन के भुगतान की आधुनिकतम प्रणाली 'इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांसफर' वर्ष 2001 में आरम्भ की गई। इंटरनेट पर आधारित ट्रैक एवं टैक्स सेवा का आरम्भ 03 जनवरी 2002 को हुआ और 15 सितम्बर 2003 को बिल मेल पोस्ट की सेवा आरम्भ की गई। हाथ की लिखी गई चिट्ठी के प्रेषण के पारम्परिक दायित्व के स्थान पर 30 जनवरी 2005 को कम्प्यूटर आधारित ई-पोस्ट सेवा का आरम्भ डाक इतिहास का एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम था।

डाक सप्ताह भी मनाते हैं

भारतीय डाक विभाग प्रतिवर्ष 09 से 15 अक्टूबर तक डाक सप्ताह का आयोजन भी करता है। विभाग 09 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस पर विभाग के अवदान की मीमांसा करता है। डाकघर की बचत बैंक की उपलब्धियों पर दस अक्टूबर को चर्चा होती है, ग्यारह अक्टूबर पत्र दिवस (मेल दिवस), बारह अक्टूबर को डाक टिकट संग्रह दिवस, तेरह अक्टूबर को व्यापार और ग्राहक दिवस और चौदह अक्टूबर को, डाक बीमा दिवस मनाया जाता है।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 3/2022-23/1739 **भोपाल, दिनांक : 21.09.2022**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **www.mptenders.gov.in** (Department :- Directorate of Health Services) द्वारा निम्नानुसार निविदा प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर स.क्र. 1 से 33 तक तीन लिफाफा पद्धति से एवं स.क्र. 34 पर अंकित टेण्डर दो लिफाफा पद्धति से प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युतीकरण हेतु एस.ओ.आर. 01.12.2020 (दिनांक 14.09.2022 तक किये गये संशोधनों सहित) पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है -

ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 3 - 21.09.2022

स. क्र.	टेण्डर आईडी	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि रुपये लाख में	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2022_DHS_223395	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किशनगढ़ विकासखण्ड बिजावर जिला छतरपुर में नवीन 30 बिस्तरीय अस्पताल भवन मय 02 एफ, 02 जी एवं 02 एच टाइप निर्माण कार्य।	843.57	24 माह वर्षाऋतु सहित
2.	2022_DHS_223396	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ा विकासखण्ड नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ में नवीन 30 बिस्तरीय अस्पताल भवन मय 02 एफ, 02 जी एवं 02 एच टाइप निर्माण कार्य।	843.57	24 माह वर्षाऋतु सहित
3.	2022_DHS_223397	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बजांग जिला डिण्डोरी में नवीन 30 बिस्तरीय अस्पताल भवन मय 02 एफ, 02 जी एवं 02 एच टाइप निर्माण कार्य।	843.57	24 माह वर्षाऋतु सहित
4.	2022_DHS_223398	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रिधौरा विकासखण्ड परासिया जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	24 माह वर्षाऋतु सहित
5.	2022_DHS_223399	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भाजीपानी विकासखण्ड परासिया जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
6.	2022_DHS_223400	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मारूड विकासखण्ड पांढुर्ना जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
7.	2022_DHS_223402	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाप विकासखण्ड चौरई जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
8.	2022_DHS_223403	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडराखेडी विकासखण्ड सौसर जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
9.	2022_DHS_223404	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरडी विकासखण्ड सौसर जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
10.	2022_DHS_223405	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांवरी विकासखण्ड मोहखेड जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
11.	2022_DHS_223407	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोलहरा विकासखण्ड ब्यौहारी जिला शहडोल में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
12.	2022_DHS_223408	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पांड विकासखण्ड मझौली जिला सीधी में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
13.	2022_DHS_223409	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भदौरा विकासखण्ड गुना जिला गुना में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
14.	2022_DHS_223410	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्ही विकासखण्ड सिहोरा जिला जबलपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
15.	2022_DHS_223412	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनपुर विकासखण्ड पनागर जिला जबलपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
16.	2022_DHS_223413	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरेला विकासखण्ड जबलपुर जिला जबलपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
17.	2022_DHS_223414	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां विकासखण्ड सिहोरा जिला जबलपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
18.	2022_DHS_223415	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खितौला विकासखण्ड हसहोरा जिला जबलपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
19.	2022_DHS_223416	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पडरिया विकासखण्ड कुण्डम जिला जबलपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
20.	2022_DHS_223417	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बारा विकासखण्ड पहाड़गढ़ जिला मुरैना में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
21.	2022_DHS_223418	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डोभी विकासखण्ड चावरपाढ़ा जिला नरसिंहपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
22.	2022_DHS_223419	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ताला विकासखण्ड मानपुर जिला उमरिया में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
23.	2022_DHS_223420	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्रवाह विकासखण्ड करकेली जिला उमरिया में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
24.	2022_DHS_223422	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदवार विकासखण्ड मानपुर जिला उमरिया में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
25.	2022_DHS_223423	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडेरा विकासखण्ड मुडवारा जिला कटनी में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
26.	2022_DHS_223424	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरेलीपार विकासखण्ड जामई जिला छिन्दवाड़ा में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
27.	2022_DHS_223425	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्राह्मणगांव विकासखण्ड ठीकरी जिला बड़वानी में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
28.	2022_DHS_223426	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरमराय विकासखण्ड डही जिला धार में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
29.	2022_DHS_223427	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथनपुर विकासखण्ड रामा जिला झाबुआ में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
30.	2022_DHS_223428	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुशरन पिपरिया विकासखण्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
31.	2022_DHS_223429	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमर विकासखण्ड बाडीबरेली जिला रायसेन में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
32.	2022_DHS_223430	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनहर विकासखण्ड मेहगांव जिला भिण्ड में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
33.	2022_DHS_223431	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदला विकासखण्ड लवकुशनगर जिला छतरपुर में जीर्ण-शीर्ण भवन के स्थान पर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृह का निर्माण कार्य।	225.82	15 माह वर्षाऋतु सहित
34.	2022_DHS_223432	ग्राम खेलागांव विकासखण्ड नलखेड़ा जिला आगर-मालवा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	55.82	6 माह वर्षाऋतु सहित
		योग	**9361.13**	

उपरोक्त निविदा वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 11.10.2022** सायं 05.30 बजे निर्धारित है। धरोहर राशि **संचालक स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश** के पक्ष में देय हो मूलतः एवं अन्य अभिलेख कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में दिनांक 12.10.2022 सायं 05.30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। तकनीकी एवं वित्तीय ऑफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी।

विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर अपलोड किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
जी-17499/47588/2022 **पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग उज्जैन (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक - 08/एस.ए.सी./2022-23 **उज्जैन, दिनांक : 23.09.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
1.	2022_PWDRB_223919_1	राजगढ़	पुल कार्य	राजगढ़ जिले के अंतर्गत बांकपुरा से झाड़क्या मार्ग के कि.मी. 1/8 में नाले पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण।	प्रथम	173.76	केवल ऑनलाइन
2.	2022_PWDRB_223921_1	राजगढ़	पुल कार्य	राजगढ़ जिले के अंतर्गत बांकपुरा से झाड़क्या मार्ग के कि.मी. 5/6 में नाले पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण।	प्रथम	319.05	केवल ऑनलाइन
भोपाल, राष्ट्र के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश में विज्ञान से जुड़े विषयों पर अलग-अलग दिशाओं में कार्यों की जरूरत है। विज्ञान के लोकव्यापीकरण के लिए प्रयास बढ़ाए जाएं। मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) ने विज्ञान फिल्म फेस्टिवल और विज्ञान पार्क विकसित करने की पहल कर प्रशंसनीय कार्य किया है। इस तरह के प्रयास जारी रखे जाएं। गांवों तक विज्ञान को लोकप्रिय बनाने का कार्य हो। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जड़ी-बूटियों के प्रयोग के वैज्ञानिक पक्ष और झाबुआ जिले सहित अन्य स्थानों पर जल-संरक्षण की पारम्परिक पद्धतियों के प्रयोग का अध्ययन कर बढ़ावा दिया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद की साधारण सभा की 10वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में केन्द्र सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग को बायोटेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। यह प्रस्ताव नीमच जिले की जावद तहसील में स्थापित करने का है। यह पार्क बायोटेक्नोलॉजी में नवीन अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य करेगा।

पायलट आधार पर तैयार हुए चार जिलों के ग्राउंड वाटर क्वालिटी एटलस

मुख्यमंत्री ने परिषद की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने बताया कि परिषद ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राउंड वाटर क्वालिटी एटलस तैयार किए हैं। इससे जिलों में नलकूप जल की गुणवत्ता और उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। जिलों में खनन के उद्देश्य से स्थल चयन के लिए यह महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। प्रायोगिक तौर पर धार, बैतूल, सतना और टीकमगढ़ जिलों के एटलस तैयार कर भू-जल गुणवत्ता और भू-जल उपलब्धता दर्शाने वाले मानचित्र संकलित किए गए हैं। परिषद ने साइंस सिटी और रीजनल सांइस सेंटर के निर्माण, 41 नगर के ड्रोन और यूएवी आधारित मास्टर प्लान प्रोजेक्ट बनाने की पहल की है। परिषद ने भोपाल में अगस्त माह में राज्य स्तरीय विज्ञान फिल्म उत्सव भी सफलतापूर्वक किया है। फिल्म उत्सव में देश भर से 71 विज्ञान फिल्म प्रदर्शन के लिए आई थीं। इनमें से 25 विज्ञान फिल्म को पुरस्कृत भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परिषद में रिक्त पदों की पूर्ति करने के निर्देश दिए। परिषद के सदस्यों ने विज्ञान कार्यशालाएं कर विज्ञान में रुचि रखने वालों की भागीदारी, प्रदेश में विज्ञान अकादमी बनाने और विद्यार्थियों को नवीनतम वैज्ञानिक जानकारियां प्रदान करने के सुझाव दिए।

किसान क्रेडिट कार्ड होंगे डिजिटल

हरदा, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि राजस्व विभाग की सहायता से किसानों को ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए किसान क्रेडिट कार्ड के लिए एंड-टू-एंड कम्प्यूटरीकरण की पद्धति लागू की गई है। पद्धति के कम्प्यूटरीकरण से केसीसी ऋण देने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाएगा, जो अधिक सुगम और किसानों के अनुकूल होगी।

श्री राजपूत ने बताया कि हरदा जिले को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया था। पायलट प्रोजेक्ट के परिणामों और अनुभव के आधार पर इसे प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

श्री राजपूत ने बताया कि इस पद्धति के लागू होने से किसान को क्रेडिट कार्ड पर ऋण लेने के लिए बैंक शाखा में जाने एवं किसी प्रकार के दस्तावेज को जमा करने की जरूरत नहीं होगी। आवेदन ऑनलाइन एप से किए जा सकेंगे। साथ ही कृषि भूमि का सत्यापन भी ऑनलाइन हो जाता है।

जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान झाबुआ जिले में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत हितग्राहियों को लाभ-पत्र वितरित करते हुए।

झाबुआ, जनता की सेवा और उनकी बेहतरी के लिये निरंतर कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता है। हमारे गरीब भाई-बहनों के लिये केन्द्र और राज्य सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले यह जवाबदारी अधिकारी - कर्मचारियों की है। गरीब के साथ अन्याय करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने झाबुआ जिले की ग्राम पंचायत देवझिरी में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि शासन द्वारा संचालित लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलवाया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि जरूरतमंदों के जीवन में आनंद और प्रसन्नता आ सके। गरीब परिवारों का सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण ही हमारी सफलता है।

श्री चौहान ने कहा कि संयुक्त परिवारों में रहने वाले किसानों के शामिलात खाते होने से कृषि कल्याण संबंधी योजनाओं का बहुतेरे किसान लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि किसानों को योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान परिवारों के भूमि खाते अलग-अलग कराने के लिये विशेष अभियान चलाया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर हम उनके बताये मार्ग अनुसार दरिद्र नारायण की सेवा करने को संकल्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 31 अक्टूबर तक चलने वाले मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में चिन्हित योजनाओं के पात्रताधारी व्यक्तियों को चिन्हांकित कर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहने पाये। मुख्यमंत्री ने झाबुआ के नवागत कलेक्टर को जनसेवा अभियान शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश दिये।

मध्यप्रदेश में हो रही है ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग

भोपाल, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी अपनी 220 के.व्ही. अति उच्चदाब लाइनों की पेट्रोलिंग ड्रोन तकनीक से करवा रही है। पायलेट प्रोजेक्ट में मिली सफलता के बाद मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी इस प्रोजेक्ट को विस्तारित कर रही है। पहले चरण में इसकी शुरुआत 220 के.व्ही. अति उच्चदाब लाइनों के टावरों से हो रही है। बाद में 400 एवं 132 के.व्ही. की अति उच्चदाब लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग की जाएगी।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी पहले चरण में प्रदेश में क्रियाशील 2850 किलोमीटर लंबी लाइनों के लगभग 10 हजार टावर की टॉप पेट्रोलिंग कर डाटा एकत्रित करेगी। प्राप्त डाटा का आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स सॉफ्टवेयर से संग्रहण कर सूक्ष्म अन्वेषण किया जायेगा। यह कार्य अगले माह अक्टूबर से प्रारंभ कर मार्च 2023 तक पूरे किए जाने का लक्ष्य है।

ड्रोन से पेट्रोलिंग कराने से दुर्गम से दुर्गम भौगोलिक स्थिति में स्थापित टावरों की टॉप पेट्रोलिंग संभव हो सकेगी। साथ ही किसी लाइन के फाल्ट होने पर ड्रोन से प्राप्त टावरों और लाइन की फोटो एवं वीडियो का तुरंत अन्वेषण कर फाल्ट दुरुस्त किया जा सकेगा। इससे ब्रेकडाउन समय में उल्लेखनीय कमी आ सकेगी। इसके अलावा प्रिवेन्टिव मेंटेनेंस में भी समय पर छोटे से छोटे फाल्ट की भी मॉनीटरिंग कर आवश्यक सुधार किया जा सकेगा।

पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में स्थापित 39572 सर्किट किलोमीटर लंबी अति उच्चदाब लाइनों का 79915 अति उच्चदाब टावर के सहारे विद्युत पारेषण करती है। पहाड़, नदी और तालाब सहित अनेक दुर्गम भौगोलिक इलाकों से गुजरने वाली इन लाइनों का समय पर उचित रखरखाव के लिए एडवांस और प्रभावी तकनीक का उपयोग करना जरूरी हो गया था, जिससे शासन की नीति के अनुसार 24 x 7 (सातों दिन चौबीस घंटे) विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

प्रदेश की 35 वर्ष से पुरानी लगभग 100 लाइन की मॉनीटरिंग के लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी पहली बार ड्रोन पेट्रोलिंग का उपयोग कर रही है।

पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने तेरह निकायों को अनुदान स्वीकृत

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि प्रमुख पर्यटन केंद्र वाले 13 नगरीय निकायों को पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने तथा अधोसंरचना विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपये का विशेष अनुदान स्वीकृत किया गया है। अनुदान तीन किस्तों में दिया जाएगा। प्रथम किश्त के रूप में प्रत्येक निकाय को 44 लाख रुपये मिलेंगे। श्री सिंह ने बताया है कि विशेष अनुदान नगर-पालिक निगम बुरहानपुर, नगर पालिका परिषद मैहर, चंदेरी, पन्ना और नगर परिषद ओरछा, ओंकारेश्वर, अमरकंटक, चित्रकूट, सांची, खजुराहो, मांडू, महेश्वर तथा भेड़ाघाट को मिलेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से कोई गरीब वंचित न रहे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अनूपपुर जिले की योजनाओं की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, हम बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करें और प्रदेशवासियों को जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से बेहतर और सुखी जीवन प्रदान करने के लिए निरंतर सक्रिय रहें। इसी विचार के साथ प्रातःकालीन बैठकों में जिलों की विकास गतिविधियों, योजनाओं के क्रियान्वयन और कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जाती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अनूपपुर जिले की समीक्षा को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण हों, कार्य समय सीमा में हों, जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिले और शासकीय कार्यों तथा गतिविधियों के प्रति जन-सामान्य में सकारात्मक भाव रहे, इस संकल्प के साथ हम अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहें। सदा से ही बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित और सम्मानित करने का भाव रहा है और इसे क्रियान्वित भी किया जाता रहा है। परंतु विलंब, मनमानी और अनियमितता के प्रकरणों में दंड और विधिक कार्यवाही करना पड़ती है, जिसका मुझे भी दुख होता है। हमारा प्रयास यह हो कि विकास और जन-कल्याण के कार्य सकारात्मक वातावरण में ही हों।

श्री चौहान ने अनूपपुर जिले में शिशु मृत्यु दर में सुधार और टी.बी. के प्रबंधन में जिले द्वारा राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह संपूर्ण टीम के परिश्रम और प्रभावी समन्वय से ही संभव हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि अमरकंटक में मां नर्मदा जी के उद्गम स्थल के संरक्षण के लिए अतिक्रमण को रोकना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान, अमृत सरोवर, एक जिला-एक उत्पाद, विद्युत व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, आंगनवाड़ी में पोषण आहार वितरण, पथ विक्रेता योजना, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना आदि की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त विभिन्न शिकायतों और उनके निराकरण पर भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में ग्रामवासियों को विश्वास में लेकर योजना का क्रियान्वयन किया जाए। जिन गांवों में पानी के स्रोत नहीं हैं, वहां भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए चेक डैम, स्टॉप डैम और तालाब विकसित करने की योजना बनाकर, क्रियान्वयन किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना में तकनीकी कारणों से कोई गरीब वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस संबंध में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री उमाकांत उमराव को सुबह फोन पर इस समस्या के कारणों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यक हुआ तो इन बिन्दुओं पर केन्द्र सरकार स्तर पर चर्चा की जाएगी। अमृत सरोवरों का निर्माण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप हो। प्रभारी मंत्री और जन-प्रतिनिधि नियमित रूप से निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण करें।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान

मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना का हुआ शुभारंभ

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी विकासखंड की ग्राम पंचायत तालपुरा में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के शिविर में मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना और आवेदनों का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र एवं सामग्री का प्रतीक स्वरूप वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान शिविर आमजनों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए ही लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों से सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए विशेष शिविर लगायें। मुख्यमंत्री ने जनसेवा अभियान शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना' का शुभारंभ भी किया। उन्होंने चिन्हित हितग्राहियों से संवाद कर उनके पशुपालन व्यवसाय के संबंध में जानकारी प्राप्त की। योजना में हितग्राहियों को दो मुर्रा भैंस प्रदाय की गई हैं।

श्री चौहान ने मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना से लाभांवित हितग्राही श्री कमल किशोर पंवार, श्री राकेश कटारे, श्री रामकिशोर अहिरवार सहित अन्य पशुपालकों से संवाद कर उनका हालचाल जाना और उनके व्यवसाय की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिविर में लाभान्वित हितग्राहियों से भी संवाद कर योजना के लाभ प्राप्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मंच पर प्रश्नोत्तरी संवाद कर शिविर में आए आवेदनों के निराकरण तथा योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों के बारे में भी जाना।

मुख्यमंत्री ने तालपुरा सहित अन्य चार ग्राम पंचायतों में विशेष राजस्व शिविर लगा कर राजस्व संबंधी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत तालपुरा में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। सीहोर जिले के प्रभारी और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पशुपालन सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, लघु, सूक्ष्म, मध्यम उद्योग मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, सांसद श्री रमाकांत भार्गव सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना

डेयरी व्यवसाय से प्रदेश के किसानों की आय में वृद्धि हो और वे पशुपालन कर अधिक से अधिक आय अर्जित कर सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना का शुभारंभ किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर योजना प्रदेश के तीन जिलों सीहोर, विदिशा और रायसेन में शुरू की गई है। पहले से ही पशुपालन का कार्य कर रहे पशुपालकों को मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना में दो मुर्रा भैंसें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता 10 लीटर प्रतिदिन की होती है। मुर्रा भैंसों की लागत दो लाख 50 हजार रुपये होगी। योजना में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पशुपालकों को राज्य सरकार द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान एवं पिछड़ा वर्ग और सामान्य श्रेणी के पशुपालकों को 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इस प्रकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पशुपालकों को अंशदान के रूप में 62 हजार 500 रुपये तथा पिछड़ा वर्ग और सामान्य श्रेणी वालों को एक लाख 50 हजार रुपये जमा करने होंगे।

मनरेगा में बनी गौ-शालाओं में सड़कों पर पाये जाने वाले पशु रखें

भोपाल, मध्यप्रदेश गौ-संवर्द्धन बोर्ड कार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने बोर्ड की कार्य परिषद की बैठक में कहा है कि मनरेगा के वित्तीय सहयोग से जिन गौ-शालाओं का संचालन प्रारंभ हो गया है, उनका पंजीयन करवाएं। स्थानीय निकायों के अधिकारी सड़कों पर बेसहारा भटक रहे गौ-वंश को इन गौ-शालाओं में शिफ्ट कर देखभाल करें। ऐसे गौ-वंश के लम्पी के चपेट में आने की संभावना अधिक है।

स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने गौ-वंश संरक्षण एवं गौ-शालाओं की वर्तमान स्थिति और लम्पी स्किन डिसीज की रोकथाम के लिये प्रदेश में गौ-शालाओं में चिकित्सकीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में लम्पी की जिलेवार समीक्षा करते हुए स्थानीय आवश्यकता के अनुसार रोकथाम के उपायों की रणनीति तैयार की गई।

संचालक डॉ. मेहिया ने बताया कि पड़ोसी राज्यों में संक्रमण फैलने के साथ ही मध्यप्रदेश में रोकथाम के सभी उपाय शुरू कर दिये गये थे, जिससे स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है।

गौ-संवर्द्धन बोर्ड ने 17 जिलों में गौ-वंश के प्राथमिक उपचार और टीकाकरण के लिये एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की। सदस्यों ने अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौ-शालाओं में अधोसंरचनागत निर्माण कार्यों के लिये आर्थिक सहायता दिये जाने की भी अनुशंसा की।

खदान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना में आवेदन आमंत्रित

भोपाल, प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट, लौह-मैग्नीज-क्रोम और अयस्क खदान श्रमिकों के अध्ययनरत बच्चों को शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए वित्तीय सहायता योजना में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति और गणवेश के लिये एक हजार से अधिकतम 25 हजार रुपये स्वीकृत की जाती है। योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल **(https://scholarship.gov.in)** पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्री-मेट्रिक के लिए 30 सितम्बर और पोस्ट-मेट्रिक के लिए 31 अक्टूबर 2022 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने, पात्रता की जानकारी एवं शर्तें ऑनलाइन प्रदर्शित हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज स्वच्छ एवं पठनीय हों। आवेदन करने के बाद अध्ययनरत शिक्षण संस्थान से सम्पर्क स्थापित कर अपने आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन करवा कर स्कॉलरशिप पोर्टल **(https://scholarship.gov.in)** से अग्रेषित करवाना जरूरी है। आवेदन के सत्यापन कराए जाने की जिम्मेवारी विद्यार्थियों की होगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सत्रह हजार 971 करोड़ रुपये से अधिक लागत की जल प्रदाय योजना स्वीकृत

उज्जैन, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में उज्जैन के प्रशासनिक संकुल में सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित 23 नवीन समूह जल प्रदाय योजनाओं तथा एक पुनरीक्षित समूह जल प्रदाय योजना की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। उपरोक्त 23 नवीन योजनाओं की कुल लागत 17 हजार 971 करोड़ 95 लाख रुपये है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गए अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना को और अधिक प्रभावी तथा व्यापक बनाने न्यूनतम परियोजना सीमा एक लाख से कम कर 50 हजार रुपये किये जाने का निर्णय लिया। योजना में अब हितग्राही को ब्याज अनुदान वार्षिक के स्थान पर त्रैमासिक आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- विनिर्माण इकाई 50 लाख रुपये से अधिक होने अथवा सेवा/खुदरा व्यवसाय इकाई 25 लाख रुपये से अधिक होने पर भी योजना में परियोजनाएं स्वीकार की जायेंगी, जिसमें बैंक द्वारा प्रकरण स्वीकृति की दशा में हितग्राही को 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ अधिकतम 50 लाख अथवा 25 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर ही प्राप्त हो और ऋण गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति भी यथानुपात आधार पर हो। बैंक द्वारा दिया गया पूरा ऋण कोलेटरल फ्री होना चाहिये।
- मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना में अर्हता एवं वित्तीय सहायता के लिये आयु सीमा मूलतः 18 से 40 वर्ष रखी गई थी, जिसको संशोधित कर अब 18 वर्ष से 45 वर्ष करने के आदेश का अनुमोदन किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने 10x40 मेगावॉट महेश्वर जल विद्युत परियोजना, जिला खरगोन के सम्बन्ध में समन्वय में मुख्यमंत्री से प्राप्त निर्णयों का अनुसमर्थन किया।
- महेश्वर जल विद्युत परियोजना, मण्डलेश्वर, जिला खरगोन से विद्युत क्रय हेतु तत्कालीन मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल (वर्तमान में एमपीपीएमसीएल) द्वारा क्रमशः 11 नवम्बर 1994 एवं 27 मई 1996 को मेसर्स श्री महेश्वर हायडल पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएमएचपीसीएल) के साथ निष्पादित विद्युत क्रय अनुबंध एवं इस अनुबंध के संशोधन को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया। मेसर्स एसएमएचपीसीएल एवं विद्युत मण्डल (वर्तमान में एमपीपीएमसीएल) के मध्य परियोजना के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना के कार्यों के सम्बन्ध में 24 फरवरी 1997 को निष्पादित अनुबंध को निरस्त किया गया।
- मेसर्स एसएमएचपीसीएल द्वारा महेश्वर परियोजना के वित्त पोषण हेतु जारी किये गये 400 करोड़ रुपये के ओएफसीडी हेतु पीएफसी द्वारा दी गई गारंटी के परिप्रेक्ष्य में अमेंडेटरी एण्ड रिस्टेटेड एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार राज्य शासन द्वारा पीएफसी के पक्ष में दी गई काउंटर गारंटी को निरस्त किया।
- पीएफसी, मेसर्स एसएमएचपीसीएल इत्यादि के साथ 16 सितम्बर 2005 को निष्पादित अमेंडेटरी एण्ड रिस्टेटेड एग्रीमेंट (ए. एण्ड आर. अनुबंध) को मेसर्स एसएमएचपीसीएल द्वारा किये गये डिफाल्ट्स के दृष्टिगत निरस्त किया। मेसर्स एसएमएचपीसीएल के साथ 27 मई 1996 को निष्पादित इंप्लीमेंटेशन एग्रीमेंट एवं उनके विद्युत देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा प्रदान की गई गारंटी को निरस्त किया।
- महेश्वर परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों के निराकरण के लिए गठित टास्क फोर्स के अध्यक्ष द्वारा परियोजना के निराकरण हेतु सुझाये गये द्वितीय विकल्प यथा प्रकरण का निराकरण पीएफसी द्वारा एनसीएलटी में प्रस्तुत की गई आईबीसी पिटीशन में होने दिया जाये, को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के कुटुंब न्यायालयों में प्रकरणों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत उच्च न्यायालय से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार कुटुंब न्यायालयों हेतु पीठासीन अधिकारी एवं स्टाफ की संख्या में वृद्धि करने का निर्णय लिया। निर्णय अनुसार भोपाल में एक, ग्वालियर में एक, इन्दौर में दो तथा जबलपुर में एक इस तरह कुल 5 अतिरिक्त कुटुंब न्यायालयों के लिये पीठासीन अधिकारी एवं अमले के 55 पदों के सृजन का अनुमोदन किया।

महाकाल लोक के नाम से जाना जाएगा महाकाल परिसर - मुख्यमंत्री

उज्जैन, महाकाल परिसर में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक कार्य सम्पन्न हुए हैं। हमारे लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर को विस्तारित महाकाल परिसर के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे। महाकाल परिसर के सम्पूर्ण क्षेत्र का आकर्षक सौंदर्यीकरण किया गया है। रुद्र सागर पुनर्जीवित हो गया है। पिछले सिंहस्थ के बाद यह विचार आया कि महाकाल परिसर का विस्तृत विकास किया जाये। इसके लिये वर्ष 2017 में सभी वर्गों के साथ मिल कर परिसर विस्तार की योजना बनाई गई। परिसर विस्तार के प्रथम चरण में 351 करोड़ रुपये के कार्य हो चुके हैं। दूसरे चरण के लिये 310 करोड़ 22 लाख के कार्य किये जाएंगे। आज हमारा पहला निर्णय यही है कि महाकाल परिसर 'महाकाल लोक' के नाम से जाना जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने महाकाल महाराज के चरणों में प्रणाम करते हुए देश, प्रदेश के कल्याण, सभी के सुखी और निरोग होने के साथ सबकी मंगलकामनाओं की प्रार्थना की। श्री चौहान ने कहा कि महाकाल महाराज उज्जैन के राजा हैं और हम लोग सेवक हैं। हम सेवक के नाते महाकाल महाराज की नगरी में बैठक कर उनसे प्रार्थना कर रहे हैं, कि उनकी कृपा और आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में महाकाल महाराज की सवारी पुलिस बैंड के साथ निकलती है। हम महाकाल पुलिस बैंड प्रारंभ करेंगे, जिनका उपयोग विभिन्न त्योहार और पर्व पर किया जाएगा। इसके लिए 36 नये पद सृजन किये जाएंगे।

श्री चौहान ने कहा कि हम सबके लिए यह ऐतिहासिक पल है। वर्ष 2017 में जब हमारी सरकार थी, उस समय यह विचार आया था कि महाकाल परिसर का विस्तार किया जाए। इस संबंध में नागरिकों, मंदिर समितियों और स्टेक होल्डर से चर्चा कर परिसर के विस्तार की योजना बनाई गई। इसके आधार पर हमने डीपीआर का काम एक साल में पूरा किया। प्रथम चरण के कार्य के लिए मंत्रिपरिषद में भी चर्चा हुई थी। प्रथम चरण के लिए वर्ष 2018 में टेंडर बुलाए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल परिसर विस्तार के लिये हमने दो चरण तय किये, प्रथम चरण 351 करोड़ रुपये का था, फिर हमने द्वितीय चरण के लिए 310 करोड़ रुपये स्वीकृत किये। परिसर विस्तार के कार्य में कई मकान विस्थापित किये। हमने 150 करोड़ रुपये की लागत से विस्थापन कार्य किया। मंदिर में लाइटिंग और साउंड सहित महाकाल पथ का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 200 वर्षों बाद पहली बार ऐसा मौका आया है कि सरकार सेवक के रूप में उज्जैन में बैठक कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बैठक को संबोधित करते हुए।

राशन वितरण व्यवस्था में बाधा बन रहे लोगों पर करें सख्त कार्यवाही

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्योपुर जिले की योजनाओं की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्योपुर जिले की समीक्षा करते हुए कहा है कि विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। यह हमारा कर्तव्य और धर्म है कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, लोगों की कठिनाईयां दूर हों और उनका जीवन सुगम हों। शासन-प्रशासन के माध्यम से हमें जन-सेवा का मौका मिला है। हम ईमानदारी के साथ मिशन मोड में अपने कर्तव्यों को निभाएं। इससे प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

श्री चौहान ने कहा कि हमें श्योपुर को कुपोषण के कलंक से मुक्त करना है। श्योपुर पिछड़ा और गरीबी से प्रभावित जिला है, यहां से बड़ी संख्या में पलायन भी होता है। जिले में गरीब कल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो, राशन वितरण में कोई गड़बड़ न हो, यह सुनिश्चित करना और जनता को सुशासन देना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले में विशेष गतिविधियां संचालित की जाएं।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में जिले में 211 शिविर लगाए जाने हैं। अब तक 10 हजार 500 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला प्रशासन के दल घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन लेकर मौके पर ही समाधान कर रहे है। अभियान में अब तक 7 हजार 200 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

श्री चौहान ने राशन वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ गांवों में केवल 5-6 दिन राशन की दुकानें खुलने, कियोस्क से पर्ची नहीं देने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। विजयपुर की 300 और कराहल की 23 शिकायतें दर्ज हैं। गरीब का राशन उन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। राशन वितरण में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें। गरीबों तक सुगम राशन वितरण की व्यवस्था में समस्या उत्पन्न करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कालाबाजारी अधिनियम और अन्य विधिक प्रावधानों में कार्यवाही करें। बताया गया कि 11 व्यक्तियों पर एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्रवाई की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन में घटिया काम होने पर कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। मिशन में सामग्री की गुणवत्ता, कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करना और खोदी गई सड़कों का तत्काल रेस्टोरेशन प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी और जन-प्रतिनिधियों के संयुक्त दल मिशन में जारी कार्यों का निरीक्षण करें। बताया गया कि जिले में 210 योजनाओं में कार्य जारी है, 77 पूर्ण हो गए हैं साथही 78 में कार्य प्रगति पर हैं।

श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना में मात्र 32 प्रतिशत कार्य होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। बताया गया कि जिले में रेत की कमी के कारण आवास निर्माण में विलंब हो रहा है। श्री चौहान ने रेत की उपलब्धता संबंधी समस्या के समाधान के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए।

यूएपीए में कार्रवाई की अधिसूचना जारी

भोपाल, राज्य शासन ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर इंदौर एवं भोपाल के पुलिस कमिश्नर और जिलों के पुलिस अधिकारियों को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया एवं इसके सहयोगी संगठनों के विरुद्ध यूएपीए में कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि केन्द्र सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और इसके सहयोगी संगठन रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई), ऑल इंडिया इमाम्स काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन, नेशनल विमेन फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एंपावर इंडिया फाउंडेशन तथा रिहैब फाउंडेशन केरल को विधि-विरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम 1967 (UAPA) अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया है। एसीएस डॉ. राजौरा ने बताया कि केन्द्र सरकार की अधिसूचना दिनांक 27 एवं 28 सितम्बर 2022 के क्रम में मध्यप्रदेश में इंदौर और भोपाल के पुलिस आयुक्तों और समस्त जिला मजिस्ट्रेट को अपने क्षेत्राधिकार में उक्त अधिनियम की धारा 7 और 8 के अधिकारों के उपयोग के लिए अधिकृत करने सम्बन्धी अधिसूचना गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में प्रकाशित कर जारी की गई है।

नवाचार और सर्वोत्तम प्रयासों के लिए पुरस्कृत हुआ मध्यप्रदेश

नई दिल्ली, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में आरोग्य मंथन 2022 कार्यक्रम के समापन-सत्र में मध्यप्रदेश को आयुष्मान भारत निरामयम् और स्वास्थ्य योजनाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया है। प्रदेश को वर्ष 2021-22 में आयुष्मान भारत योजना में 'नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य' के रूप में चुना गया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. सुदाम खाड़े और सीईओ आयुष्मान भारत योजना श्री अनुराग चौधरी ने पुरस्कार प्राप्त किया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान भारत निरामयम् और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में मध्यप्रदेश द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य और प्रगति की सराहना की है। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग और राज्य स्वास्थ्य एजेंसी, आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के विस्तार और पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क गुणात्मक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश में आयुष्मान भारत निरामयम् योजना में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रतिदिन 4 हजार से अधिक लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। राज्य एम्बुलेंस सेवा से योजना के पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क परिवहन प्रदाय किया जा रहा है। योजना में लाभार्थी केंद्रित 26 लाइन इनवाउंड और आउटबाउंड कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं।

पीएमजेएवाय फंड से सरकारी अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। निरामयम् प्रोत्साहन योजना में पंजीकृत होने वाले प्रत्येक प्रकरण के लिए चिकित्सक और उपचार करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। रोगी कल्याण समितियों में जमा हुई राशि से अस्पतालों के बुनियादी ढांचों को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यालय कलेक्टर, (जनजातीय कार्य विभाग) जिला बड़वानी (म.प्र.)

क्रमांक/7453/ई-टेण्डर/जनजातीय/निर्माण/2022-23 **बड़वानी, दिनांक 29.09.2022**

निविदा

बड़वानी जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित निम्नांकित विभागीय छात्रावास/उ.मा.वि. शालाओं में उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्माण कार्य हेतु मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में नवीन व्यवस्था अंतर्गत 'स' श्रेणी या उससे ऊपर पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ./स.) भोपाल द्वारा जारी भवन कार्य की दर अनुसूचि जो कि दिनांक 01 दिसम्बर 2020 से लागू तथा निविदा जारी होने के दिनांक तक जारी संशोधनों के साथ एतद् द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से 'प्रपत्र-अ' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मध्यप्रदेश शासन की वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अन्य तिथियां उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	ग्रुप	विकासखण्ड	छात्रावास/आश्रम का नाम	कार्य का विवरण	अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति की राशि रुपये में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2022_TAD_ 221832	"A"	सेंधवा	शा. आदिवासी कन्या आश्रम देवली (द्वितीय आमंत्रण)	लघु-मूल कार्य	5.94				
			सेंधवा	शा. आदिवासी जूनियर कन्या छात्रावास देवली (द्वितीय आमंत्रण)	लघु-मूल कार्य	9.68	56060	2000	उपयुक्त	45 दिवस
			सेंधवा	शा. आदिवासी कन्या आश्रम धवली (द्वितीय आमंत्रण)	लघु-मूल कार्य	5.38				
			सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम दुगानी रोजानीमाल (द्वितीय आमंत्रण)	लघु-मूल कार्य	7.03				
				योग -		**28.03**	56060	2000	उपयुक्त	45 दिवस
2	2022_TAD_ 221833	"B"	सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम चिरमिरिया (द्वितीय आमंत्रण)	लघु-मूल कार्य	5.53				
			सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम कोलकी (द्वितीय आमंत्रण)	लघु-मूल कार्य	5.23	31980	2000	उपयुक्त	45 दिवस
			सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम चिलारिया (द्वितीय आमंत्रण)	लघु-मूल कार्य	5.23				
				योग -		**15.99**	**31980**	**2000**	**उपयुक्त**	**45 दिवस**

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की **अंतिम तिथि दिनांक 14.10.2022 को सायं 05:00 बजे तक** नियत की गई है।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग, जिला-बड़वानी

जी-17783/47628/2022

चर्चा

डॉक्टर एम. श्रीनिवास

दिल्ली एम्स के निदेशक नियुक्त

हैदराबाद ईएसआईसी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के डीन एम. श्रीनिवास दिल्ली एम्स के निदेशक नियुक्त किये गये हैं। वह डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की जगह लेंगे, जो मार्च 2017 से इस पद पर हैं। श्रीनिवास 2016 में हैदराबाद जाने से पूर्व दिल्ली एम्स में पीडियाट्रिक सर्जरी के प्रोफेसर थे।

नाथन पाओलिन

तार पर चलने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

फ्रांस के नाथन पाओलिन को ऊंचाई पर बंधे तारों पर चलने का शौक है। पेरिस के ट्रोकेडेरो से एफिल टॉवर के बीच बंधे तार पर 2,198 फीट चलकर उन्होंने रिकॉर्ड बनाया था। जिसे उन्होंने खुद ही तोड़ दिया। उन्होंने रिकॉर्ड के लिये संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक धरोहर में शामिल मोंट सेंट मिशेल को चुना। इस बार उन्होंने तार पर चलकर 7,218 फीट की दूरी तय की है। इसे रिकॉर्ड करने वाली कंपनी इंस्टा 360 ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो भी जारी किया है।

क्रिस्टियन अमनपौर

टेलीविजन एंकर का हिजाब पहनने से इनकार के बाद इंटरव्यू रद्द

सीएनएन की पत्रकार क्रिस्टियन अमनपौर द्वारा हिजाब पहनने से मना करने के बाद ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का निर्धारित इंटरव्यू अचानक रद्द कर दिया गया। क्रिस्टियन ने ट्वीट कर उक्त घटना की पुष्टि की है। ज्ञात रहे कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिये न्यूयॉर्क की यात्रा के दौरान क्रिस्टियन को राष्ट्रपति का इंटरव्यू लेना था। सारी तैयारियों के बाद 40 मिनट तक उन्होंने राष्ट्रपति का इंतजार भी किया, लेकिन राष्ट्रपति ने बिना हिजाब पहने एंकर के साथ इंटरव्यू देने से इनकार कर दिया।

सुएला ब्रेवरमैन

महारानी एलिजाबेथ पुरस्कार से सम्मानित

ब्रिटेन में भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को एक समारोह में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय 'वुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस श्रेणी में अब तक का यह पहला पुरस्कार है। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मंत्रिमंडल में इसी महीने शामिल की गई सुएला ने कहा कि दिवगंत महारानी को समर्पित एशियन अचीवर्स अवॉर्ड्स-2022 में नई भूमिका निभाने के लिये यह सम्मान मिला है। यह पुरस्कार उनके माता-पिता ने ग्रहण किया।

उत्तर कोरिया ने

बैलिस्टिक मिसाइल का टेस्ट किया

उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी समुद्री तट की ओर छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। इस मिसाइल ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर समुद्र की गोद में समाने से पहले खुले आसमान में उड़ान भरी। प्योंगयांग ने दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिये एक अमेरिकी विमान वाहक पोत के सियोल पहुंचने के बाद यह कदम उठाया। ज्ञात रहे कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा एशियाई प्रायद्वीप में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम से बढ़ते खतरे के मद्देनजर एक सैन्य अभ्यास किया जा रहा है।

द लास्ट शिफ्ट ऑफिस चेयर

ब्रिटेन में बनाई गई ताबूत वाली कुर्सी

ब्रिटेन में कुर्सी वाली कंपनी ने ताबूत वाली कुर्सी बनाई है। जिसका नाम द लास्ट शिफ्ट ऑफिस चेयर रखा है। यह उन लोगों के लिये मददगार होगी, जो लंबे समय तक कुर्सी पर बैठे रहते हैं। इस कुर्सी को ताबूत के डिजाइन में बनाया गया है। इसे बनाने वाली कंपनी का मानना है कि 6 से 8 घंटे कुर्सी पर बैठना मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इस चेयर को रोल कर बॉक्स के आकार में तब्दील किया जा सकता है।

टिम कुक ने

एप डेवलपर भारतवंशी को दी बधाई

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने दुबई में रहने वाली 9 वर्षीय भारतीय एप डेवलपर हाना को बधाई दी है। हाना ने 'हानाज' नामक एक स्टोरी टेलिंग एप बनाया है, जिस पर माता-पिता कहानियां रिकॉर्ड कर सकते हैं। सबसे युवा आईओएस डेवलपर होने का दावा करने वाली हाना से कुक ने कहा कि इतनी कम उम्र में इतनी प्रभावशाली उपलब्धियों के लिये बधाई।

सोमालीलैंड में

अगले वर्ष तक टला राष्ट्रपति चुनाव

सोमालिया से अलग हो चुके सोमालीलैंड के राष्ट्रपति चुनाव को नवंबर में आयोजित करने के बजाय अगले साल तक के लिये टाल दिया गया है। राष्ट्रपति मुसे बिही आब्दी पर चुनाव में देरी करने और अपने कार्यकाल का विस्तार करने के आरोप में देश में लगातार प्रदर्शन हो रहे थे।

नासा को

गैलेक्सी से मिले रहस्मय रेडियो सिग्नल

अंतरिक्ष गैलेक्सी से पृथ्वी पर आ रहे रहस्मयी सिग्नलों ने वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सामान्य फास्ट रेडियो बर्स्ट सिग्नल से अलग हैं। वैज्ञानिक 91 घंटे से सिग्नल वाली दिशा में रेडियो टेलीस्कोप की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने 82 घंटों में 186 सिग्नल रिकॉर्ड किये हैं। इन सिग्नलों का अध्ययन अमेरिका और चीन के वैज्ञानिक मिलकर रहे हैं।

एससीओ पर्ल एक्सपो सेंटर

उद्घाटन के लिये तैयार

चीन के किंगडाओ में एससीओ पर्ल इंटरनेशनल एक्सपो सेंटर बनकर लगभग तैयार है। इसका उद्घाटन जल्द किया जाएगा। इसका आकार 1.68 लाख वर्ग मीटर है। इसे बनाने में 8 महीने से कम समय लगा है। और 30 हजार टन स्टील का इस्तेमाल हुआ है। इसकी छत 220 मीटर चौड़ी है, इसकी ऊंचाई 40 मीटर है। फरवरी-2022 से इसका निर्माण शुरू हुआ था।

देवभूमि में

हिमपात की हुई शुरुआत

उत्तराखंड की पहाड़ियों में इस मौसम का पहला हिमपात शुरू हो गया। हेमकुंड, बद्रीनाथ और गंगोत्री समेत कई जगहों पर बर्फबारी शुरू हो गयी है। देवभूमि के माणा दर्रे में मौसम ठंडा और बर्फ जम गयी है। अक्टूबर में शुरू होने वाले हिमपात देवभूमि में सितंबर से शुरू हो गया। मौसम वैज्ञानिकों ने अक्टूबर प्रथम सप्ताह तक मौसम की बर्फबारी जारी रहने की संभावना है।

फॉर्च्यून पिंक

दुर्लभ हीरा 285 करोड़ में हो सकता है नीलाम

फॉर्च्यून पिंक नाम का दुर्लभ हीरा जिनेवा के मशहूर फोर सीजन्स होटल में इसी साल 8 नवंबर को नीलाम होगा। 19 कैरेट से कुछ कम वजन के साथ यह नीलामी में पेश किया जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा फैंसी विविड गुलाबी हीरा है। एक अनुमान के मुताबिक इसके लिये 3.5 करोड़ डॉलर यानी 285 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगाई जा सकती है। नीलामी घर के अनुसार इसका सही वजन 18.18 कैरेट है।

इज़रायल में

तेरह सौ साल पुराना जहाज मिला

इज़रायल के तट के पास समुद्र में डूबा 1300 साल पुराना जहाज मिला है। यह जहाज 25 मीटर लंबा है। इसमें करीब 200 घड़े भी मिले हैं। इन घड़ों में मेडिटेरियन क्षेत्रों के खाने-पीने की चीजें हैं। जैसे- मछली की चटनी अलग-अलग किस्म के जैतून, अंजीर और खजूर। इसके अलावा कंघी और रस्सी समेत अन्य सामान भी मिला है। जहाज पर बनी कलाकृतियों से पुरातत्वविदों का अनुमान है कि यह मिस्र के साइप्रस या तुर्की से यहां आया होगा।

मैग लैनिंग

जल्द ही लेंगी संन्यास

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मैग लैनिंग जल्द ही क्रिकेट से संन्यास ले सकती हैं। वह महिला बिग बैश लीग में भी नजर नहीं आयेंगी। 2010 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली लैनिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया टीम एक वनडे वर्ल्ड कप और तीन टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर चुकी है। कॉमनवेल्थ गेम्स में टीम को गोल्ड जिताने के बाद से मैग ने स्वयं पर ध्यान देने के लिये क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया था।

सुपर टाइफून 'नोरू'

उत्तरी फिलीपींस में जमकर मचाई तबाही

उत्तरी फिलीपींस में टाइफून 'नोरू' ने जमकर तबाही मचाई। इसकी वजह से 5 बचाव कर्मियों सहित 6 लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण पेड़ एवं बिजली के तार गिर गये थे। टाइफून के लैंडफॉल के दौरान 240 मील प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई प्रांतों में सड़कों पर पानी भर गया। बड़ी संख्या में लोगों को रेस्क्यू किया गया। लोगों ने घरों में मौजूद भोजन सामग्री एक-दूसरे तक पहुंचाकर आपसी मदद की।

मंगल ग्रह की कक्षा में

मंगलयान के आठ वर्ष पूरे

भारत के मॉर्स ऑर्बिटर (मंगलयान) ने अपनी कक्षा में आठ साल पूरे कर लिये हैं, जबकि इसे 6 साल सेवा देने के लिये ही तैयार किया गया था। मॉर्स आर्बिटर मिशन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पहला अंतर-ग्रहीय अभियान है। इसे 5 नवंबर 2013 को अंतरिक्ष में भेजा गया था। मंगलयान को उसके पहले ही प्रयास में सफलतापूर्वक मंगल की कक्षा में 24 सितंबर 2014 को प्रवेश कराया था।

श्रीराम नगरी अयोध्या में

लता दीदी को 40 फीट की वीणा से श्रद्धांजलि

सरयू तट के पास स्थित भारत रत्न लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। लता मंगेशकर के जन्मदिन के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी इस कार्यक्रम से जुड़े। श्री मोदी ने ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि लता दीदी की जयंती पर उन्हें नमन। ऐसा बहुत कुछ है, जो मुझे याद है अनगिनत बातचीत में वह मुझ पर स्नेह बरसाती रही हैं। मुझे खुशी है कि अयोध्या में एक चौक का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा। यह उनके प्रति एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। लता मंगेशकर चौक के प्लेटफॉर्म पर 40 फीट लंबी और 14 टन वजनी वीणा को स्थापित किया गया है। चौक के बीच में चारों तरफ 92 कमल की आकृति के पत्थर भी लगाये गये हैं। वीणा में मां सरस्वती का चित्र भी उकेरा गया है। इस वीणा का निर्माण मूर्तिकार राम सुतार ने दो महीने में किया है।

स्मृति शेष

काल्पनिक ऐतिहासिक विषयों पर लिखने वाली लेखिका हिलेरी मेंटल का निधन

बुकर पुरस्कार विजेता डेम हिलेरी मेंटल का निधन हो गया है। उन्हें काल्पनिक ऐतिहासिक विषयों पर शानदार लेखन के लिये जाना जाता था। उन्हें ब्रिटेन के शाही परिवार ट्यूडर के राजनीतिज्ञ थॉमस क्रॉमवेल के जीवन पर लिखी गई पुस्तकों के लिये भी जाना जाता है। उनके उपन्यास वुल्फ हॉल, ब्रिंग अप द बॉडीज ने उन्हें बुकर पुरस्कार दिलवाया था।

ऑस्कर विजेता अभिनेत्री लुईस फ्लेचर का निधन

वर्ष 1975 में आई फिल्म 'वन फ्लू ओवर द कुकूज नेस्ट' में खलनायक नर्स का किरदार निभाने वाली ऑस्कर विजेता अभिनेत्री लुईस फ्लेचर का 88 वर्ष की उम्र में फ्रांस के मोंटडुरस में निधन हो गया। उनकी पहली फिल्म 'वन फ्लू ओवर द कुकूज नेस्ट', 1934 की इट हैपन्ड वन नाइट के बाद सर्वश्रेष्ठ चित्र, निर्देशक, अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ पटकथा जीतने वाली पहल फिल्म बन गई थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

समूह-2 उपसमूह-2 सहा. लेखा अधिकारी, लेखापाल, उप अंकेक्षक एवं समकक्ष पदों की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 के संबंध में सूचना

आवेदन पत्र भरने की तिथि : 8 अक्टूबर 2022 से 22 अक्टूबर 2022 तक

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 8 अक्टूबर 2022 से 27 अक्टूबर 2022 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
18 एवं 19 नवम्बर 2022	प्रथम	प्रातः 07:00 से प्रातः 08:00 बजे तक	प्रातः 08:50 से प्रातः 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से दोपहर 12:00 बजे तक (3:00 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:30 से दोपहर 01:30 बजे तक	दोपहर 02:20 से दोपहर 02:30 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 02:30 से शाम 05:30 बजे तक (3:00 घंटे)

परीक्षा शहर :- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सतना

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा की विस्तृत नियमपुस्तिका बोर्ड की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** पर उपलब्ध है, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.peb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **परीक्षा शुल्क**

अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रु. 500/-
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रु. 250/-
ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क	रु. 60/-
अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रु. 20/-

विशेष निर्देश :

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अतः जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु पीईबी की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी. द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अतः कम्प्यूटर आधारित Online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।
11. उपरोक्त सभी पदों के लिये अभ्यर्थी का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
12. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिए अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में निर्धारित आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि तक पी.ई.बी. को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को पृथक-पृथक पद अनुसार पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा। पी.ई.बी. को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य माना जायेगा।
13. कुछ विभाग के पद कार्यपालिक होने की स्थिति में भर्ती हेतु आदिम जनजाति (बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया) के अभ्यर्थियों को परीक्षा से छूट का प्रावधान नहीं होगा। वे अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करें (ऐसी स्थिति में नियम पुस्तिका की बैगा, सहारिया एवं भारिया से सम्बंधित सभी कण्डिकायें विलोपित मान्य होंगी)।
14. कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विशेष नोट : बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 23/2022 **संचालक**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड म.प्र. माध्यम/106610/47612/2022

'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011, फोन नं. : +91-755-2578801-02,
Fax : +91-755-2550498, Website : www.peb.mp.gov.in

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)-11
No./13616/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 27.09.2022

NOTICE INVITING TENDER No. 1016 (PMGSY-Bridge) (BW)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **SSR Applicable -** SOR issued by Engineer-in-Chief MPPWD Bhopal for Road and Bridge work effective from 29.08.2017 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Raisen	1	3881000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **https://www.mptenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from 30.09.2022 (17:30 hrs.) and last date for online bid submission is **17.10.2022 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106587/47607/2022 **(TENDER)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक 01, कार्यालय भवन 1558 गोरखपुर थाने के पीछे, ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी कटंगा, जबलपुर (म.प्र.), पिनकोड-482002,
फोन नं. : 0761-4927201, E-mail : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र. 01 के अंतर्गत जिला-छिंदवाड़ा में सी.एम. राइज योजना अंतर्गत स्वीकृत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हर्रई जिला-छिंदवाड़ा के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16 वर्ष 2022 - 23 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC _225049_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 25.10.2022 तक** खरीद कर अपराह्न 17:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/106663/47619/2022 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो. वि. निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड भोपाल
क्र./1191/तशा/प.यं./2022 दिनांक - 26.09.2022

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में जहांगीराबाद भोपाल पुलिस अस्पताल के पीछे 144 राजपत्रित आवासगृहों हेतु बाह्य विद्युतीकरण कार्य 11/0.4 के.व्ही., 6x200 के.व्ही.ए., 11 के.व्ही. शिरोपरी लाइन का कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2022_MPPHC_224344_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.10.22 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/106620/47614/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./13709/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dt. : 28.09.2022

NOTICE INVITING TENDER EL-65

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**
Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S.No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Burhanpur	2	9435725.00
2	Datia	1	3059345.00
3	Dhar	5	29533500.00
4	Khargone	1	2657254.00
5	Satna	1	1382755.00
6	Seoni	2	7043367.00
7	Vidisha	2	1431644.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **07.10.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P.M./106611/47613/22 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल

प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट के पद को संविदा से भरे जाने हेतु तिथि संशोधन

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल के विज्ञापन क्रमांक 21/2022 द्वारा प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट के पदों की पदपूर्ति संविदा से किये जाने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 29.09.2022 सायं 05.30 बजे तक निर्धारित की गई थी। उक्त तिथि को संशोधित किया जाकर **दिनांक 06.10.2022 सायं 05.30 बजे तक** की जाती है।

पद से संबंधित समस्त विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पीईबी की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

विज्ञापन क्रमांक-24/2022
म.प्र. माध्यम/106646/47616/2022 **संचालक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-11

NOTICE INVITING TENDER No. 189/MTN/2022 (BW)

No./13779/22/D-12/NIT-Maint./2022 Bhopal, Dated : 29.09.2022

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

Name of Work : Repair/Maintenance of Rural Roads.

1. Table No. 1 : Name of Work – Within 5 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Hoshangabad	1	235000.00
2.	Katni	2	3981000.00
3.	Seoni	1	1002000.00
4.	Ratlam	1	426000.00
5.	Ujjain	1	5587000.00

2. Table No. 2 : Name of Work – Post 5 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Chhindwara	3	13848000.00
2.	Hoshangabad	1	5019000.00
3.	Khargone	1	14544000.00
4.	Raisen	1	2242000.00

3. Table No. 3 : Name of Work – Post 10 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Dewas	1	6584000.00
2.	Hoshangabad	1	5904070.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **07.10.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106645/47615/2022 **(TENDER)**

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

बैचलर इन डिजाईन (B. Design)

(पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अर्हकारी (हायर सेकेण्डरी स्कूल 12वीं) परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु)

(मध्यप्रदेश में स्थित निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2022-23

प्रथम चरण

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (Registration)	01.10.2022 से 06.10.2022 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	07.10.2022 से 08.10.2022 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना **प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।**	03.10.2022 से 10.10.2022 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	11.10.2022
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	14.10.2022 से 18.10.2022 सायं 5:00 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
19.10.2022 से 21.10.2022 रात्रि 11:45 बजे तक	22.10.2022 प्रातः 10:30 बजे

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

23.10.2022 से 25.10.2022 रात्रि 10:00 बजे तक	25.10.2022 प्रातः 10:30 बजे

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

(कोविड-19 के कारण, सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिये, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को नहीं जाना है)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/106662/47618/2022

संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय
बाणगंगा मार्ग, भोपाल

क्रमांक-2074/नि/2022 भोपाल, दिनांक 29.09.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिये म.प्र. लो.नि.वि. की केन्द्रीयकृत पंजीकरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं पंजीयन के मापदण्ड योग्य प्रतिष्ठित संस्थाओं से ऑनलाइन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. राज्य संरक्षित स्मारक प्राचीन शिव मंदिर एवं गुफाएं, कुल संख्या 13, लखवरिया तहसील बुढ़ार, जिला शहडोल का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

जिला	अनुमानित राशि रुपये	कार्यावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये
शहडोल	रु. 24,74,098/- (रुपये चौबीस लाख चौहत्तर हजार अन्ठानवें मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. राज्य संरक्षित स्मारक गन्ना बेगम का मकबरा, नूराबाद जिला मुरैना का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

मुरैना	रु. 11,91,846/- (रुपये ग्यारह लाख इकयानवे हजार आठ सौ छियालीस मात्र)	03 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. राज्य संरक्षित स्मारक सिरौल की बावड़ी जिला दतिया का अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

दतिया	रु. 82,83,333/- (रुपये बयासी लाख तिरासी हजार तीन सौ तैंतीस मात्र)	09 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. राज्य संरक्षित स्मारक सावंत सिंह, भगवंत सिंह एवं इन्द्रमणी सिंह की छत्रियां, ओरछा, जिला निवाड़ी के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

निवाड़ी	रु. 58,79,893/- (रुपये अट्ठावन लाख उनासी हजार आठ सौ तेरानवे मात्र)	08 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. राज्य संरक्षित स्मारक महाराजा छत्रसाल का मकबरा, धुवेला, जिला छतरपुर के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

छतरपुर	रु. 30,43,823/- (रुपये तीस लाख तिरतालीस हजार आठ सौ तेईस मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. राज्य संरक्षित स्मारक सुन्दरशाह महल, ओरछा, जिला निवाड़ी के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

निवाड़ी	रु. 22,95,816/- (रुपये बाईस लाख पिंचयानवे हजार आठ सौ सोलह मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	5000 (पांच हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. राज्य संरक्षित स्मारक सूर्य मंदिर, सेसई, जिला शिवपुरी के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

शिवपुरी	रु. 19,96,672/- (रुपये उन्नीस लाख छियानवे हजार छह सौ बहत्तर मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. राज्य संरक्षित स्मारक मधुकरशाह, पहाड़ सिंह एवं भारतीचन्द्र की छत्रियां, ओरछा, जिला निवाड़ी के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

निवाड़ी	रु. 69,08,119/- (रुपये उनहत्तर लाख आठ हजार एक सौ उन्नीस मात्र)	08 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. राज्य संरक्षित स्मारक शिवमंदिर, सुभाषपुरा, जिला शिवपुरी के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

शिवपुरी	रु. 18,48,434/- (रुपये अठारह लाख अड़तालीस हजार चार सौ चौंतीस मात्र)	04 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. राज्य संरक्षित स्मारक जसवंत सिंह एवं सुजान सिंह की छत्रियां ओरछा, जिला निवाड़ी के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

निवाड़ी	रु. 62,46,879/- (रुपये बासठ लाख छियालीस हजार आठ सौ उनासी मात्र)	08 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. राज्य संरक्षित स्मारक जहांगीर महल, ओरछा, जिला निवाड़ी के अनुरक्षण एवं विकास कार्य।

निवाड़ी	रु. 84,49,521/- (रुपये चौरासी लाख उनचास हजार पांच सौ इक्कीस मात्र)	09 माह (वर्षाकाल रहित)	10000 (दस हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 12. शिव मंदिर देववढ़ला, जिला सीहोर का रासायनिक अनुरक्षण कार्य।

सीहोर	रु. 2,67,046/- (रुपये दो लाख सड़सठ हजार छियालीस मात्र)	02 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 13. लाल बाग पैलेस, इंदौर के दक्षिणी दिशा में दीवार का निर्माण कार्य।

इंदौर	रु. 2,05,315/- (रुपये दो लाख पांच हजार तीन सौ पंद्रह मात्र)	02 माह (वर्षाकाल रहित)	2000 (दो हजार)

नोट - (1) इच्छुक निविदाकर्ता **http://mptenders.gov.in** वेबसाइट पर विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना देख सकते हैं। (2) निविदा प्रपत्र केवल दिनांक 04.10.2022 को प्रातः 12.30 बजे से दिनांक 17.10.2022 को सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। (3) निविदा आमंत्रण में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर किया जावेगा समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

उपसंचालक
पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल

जी-17780/47627/2022

देश में 70 साल बाद हुई चीतों की वापसी

मध्यप्रदेश के कूनो को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

सन् 1952 में भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर चीतों को देश से विलुप्त घोषित कर दिया था।

लगभग 70 वर्षों के अंतराल के बाद यह सुखद संयोग बना कि मध्यप्रदेश के कूनो अभ्यारण्य में चीतों की आवाज फिर से सुनाई देने लगी है और रफ्तार भी देखने को मिल रही है। कुछ समय बाद यहां पर्यटकों का आवागमन भी शुरू हो जाएगा। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कूनो अभ्यारण्य में 8 चीतों को छोड़ा। श्री मोदी ने चीता मित्रों, चीता पुनर्वास प्रबंधन समूह और छात्रों के साथ बातचीत की। यह पहला अवसर है कि केंद्र सरकार के "प्रोजेक्ट चीता" के अंतर्गत मांसाहारी बड़े जंगली जानवरों के अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण में सफलता अर्जित की है। यह दुनिया की पहली ऐसी परियोजना है जो इतने बड़े स्तर पर सफल हुई है। कूनो में चीतों के पुनर्स्थापन से खुले जंगल एवं चारागाहों के इकोसिस्टम की पुनर्वहाली में सहयोग भी मिलेगा और स्थानीय समुदाय के आजीविका के अवसरों में वृद्धि होगी।

मध्यप्रदेश में कूनो अभ्यारण्य चीतों के लिए सर्वथा उपयुक्त रहा है। यही कारण है कि अफ्रीका के नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को यहीं पुनर्स्थापित किया गया। वन्यप्राणी विशेषज्ञों का कहना है कि कूनो अभ्यारण्य एक प्रकार से चीतों का घर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संयुक्त प्रयासों के चलते वह सपना साकार हुआ है जिसे वर्षों पहले वन्यप्राणी विशेषज्ञ और देश की जनता तथा पर्यटन प्रेमियों ने देखा था। चीतों की पुनर्स्थापना के लिए देशभर के 10 अभ्यारण्यों का सर्वेक्षण किया गया किंतु मध्यप्रदेश का कूनो, चीतों के लिए सर्वथा उपयुक्त पाया गया। भारत सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर कूनो अभ्यारण्य को वन्यजीवों के अनुकूल तैयार किया। कूनो में चीतों के लिए अनुकूल रहवास तैयार किया गया है, लगभग 3000 वर्ग कि.मी. वन क्षेत्र चीतों के स्वच्छंद विचरण के लिए तैयार किया गया है।

श्योपुर के कूनो में चीतों के पुनर्स्थापना से पारिस्थितिक तंत्र के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय रोज़गार व्यवस्था मजबूत होगी। यह देश का पहला ऐसा अभ्यारण्य है जहां चीते पाये जायेंगे। कूनो में चीतों के पुनर्स्थापन से भारत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विग कैट बिरादरी में शामिल हो गया है। आशा है कि बहुतायत में वन्यप्राणी होने से पर्यटन व्यवस्था काफी समृद्ध होगी। योजना के अनुसार अभी 8 चीते पहले चरण में आये हैं जिसे प्रधानमंत्री जी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर पर्यटन प्रेमियों के लिए अभ्यारण्य के हवाले किया है। चर्चा यह भी है कि केंद्र सरकार देश के अन्य अभ्यारण्यों 50 चीते और पुनर्स्थापित करने की कोशिश कर रही है। प्रसंगवश इस बात का उल्लेख करना उचित होगा कि वर्ष 2021 के अंतिम चरण के सर्वे में कूनो को जिन प्रमुख कारणों से उपयुक्त पाया गया उनमें इस अभ्यारण्य से लगा हुआ दूर तक कोई गांव नहीं है, यहां चीतों के लिए शिकार की अच्छी व्यवस्था है। साथ ही कूनो प्राचीनकाल से चीतों का घर माना जाता रहा है।

कूनो में चीतों की पुनर्स्थापना को लेकर राज्य सरकार की संवेदनशीलता इस बात से पता चलती है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक जनवरी में की थी और 750 वर्ग कि.मी. के पार्क में पड़ने वाले एक गांव को उन्होंने विधिवत दूसरी जगह शिफ्ट कराया था। चीतों के चलते एक ओर जहां प्रदेश की जैवविविधता में और मजबूती आयेगी, वहीं खाद्य श्रृंखला में एक और स्तर बढ़ जायेगा। प्रदेश के नागरिकों के लिए यह गौरव अनुभव करने का ऐतिहासिक दिन है। प्रदेश के इतिहास में 70 वर्ष बाद पुनः एक कीर्तिमान जुड़ रहा है।

कूनो के आसपास मसलन कि श्योपुर, मुरैना एवं शिवपुरी में पर्यटन की गतिविधियों में वृद्धि और रोज़गार की प्रबल संभावना बढ़ रही है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि आज़ादी के 75वें वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री जी द्वारा जो अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक कदम और बढ़ गया है। राज्य की शिवराज सरकार ने प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित करने का अभियान चलाया है। सही अर्थों में देखा जाये तो प्रदेश सरकार ने अपने प्रयासों से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत निर्माण के सपनों को साकार करने का हर संभव प्रयास लगातार कर रहे हैं।

- डॉ. आनंद प्रकाश शुक्ल
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
Regional Office : 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE - 452001 (M.P.), Phone : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629, CIN : U51102MP1977SGC001392
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
No. MPIDC/RO/IND/TECH/22/6280 DATE : 26.09.2022

NOTICE INVITING TENDER

Online offers are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from units having establishment in SEZ Pithampur Phase I & II for "Leasing Out of 15 Chambers (individual units) of Cold Chain each of Approx 907 Sqm on monthly Rental basis in I/A SEZ Phase-II Pithampur Distt. Dhar (M.P.) (for a period of 5 Years)". EMD – Rs. 96000/- per chamber, Cost of Document – Rs. 11800/- The **last date of bid submission – 26.10.2022.**

The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.** Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.

M.P. Madhyam/106565/47603/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

मेक इन इंडिया पहल के आठ साल पूरे

कई क्षेत्रों में योगदान दे रहा है मेक इन इंडिया अभियान

'मेक इन इंडिया' कोई योजना नहीं बल्कि एक पहल है जिसकी शुरुआत निवेश को आसान बनाने, नवाचार को प्रोत्साहन, सर्वश्रेष्ठ विनिर्माण ढांचे का विकास, कारोबारी सुगमता और कौशल विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सितंबर, 2014 में की गई थी। साथ ही इस पहल का उद्देश्य निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने, आधुनिक और सक्षम बुनियादी ढांचे का निर्माण, विदेशी निवेश के लिए नए क्षेत्रों को खोलना और सकारात्मक सोच के साथ सरकार और उद्योग के बीच भागीदारी कायम करना था। मेक इन इंडिया पहल से कई उपलब्धियां हासिल की हैं। तमाम नए सुधारों और स्कीम के साथ हाल ही में इस पहल के आठ वर्ष पूरे हुए हैं। 'मेक इन इंडिया' पहल ने दो वर्षों में विनिर्माण निवेश में लगभग पांच गुना वृद्धि की है, जिसके परिणामस्वरूप सभी क्षेत्रों में बड़ी परियोजनाएं, व्यापार में सुधार और रोज़गार के अवसरों में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही 'मेक इन इंडिया' पहल को कई सुधारों के माध्यम से मजबूत किया गया है, जिससे निवेश प्रवाह में वृद्धि हुई है और देश की आर्थिक वृद्धि हुई है, जिससे भारत में विनिर्माण को और ज्यादा प्रोत्साहन मिला है।

भारत को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के जिस उद्देश्य के साथ मेक इन इंडिया पहल की शुरुआत की गई, वो आज सार्थक होता नजर आ रही है। भारत आज न सिर्फ देश में मैन्युफैक्चर (निर्माण) कर रहा है बल्कि दूसरे देशों में भी मेक इन इंडिया प्रोडक्ट्स (उत्पाद) निर्यात हो रहे हैं। भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम मेक इन इंडिया, निवेश को सुगम बनाता है, इनोवेशन को बढ़ावा देता है, कौशल विकास में वृद्धि करता है। मेक इन इंडिया ने 27 सेक्टरों में पर्याप्त उपलब्धियां हासिल की हैं। इनमें विनिर्माण तथा सेवाओं जैसे रणनीतिक सेक्टर भी शामिल हैं। मेक इन इंडिया कार्यक्रम का एकमात्र उद्देश्य भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब में बदलना है। देश में विदेशी निर्माताओं को आमंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी है।

भारत में रिकॉर्ड एफडीआई
कई देशों ने किया निवेश

विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए भारत सरकार ने एक उदार और पारदर्शी नीति बनाई है, जिसमें अधिकांश सेक्टर ऑटोमैटिक रूट के तहत एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) के लिए खुले हैं। भारत में एफडीआई का क्षेत्र वित्त वर्ष 2014-15 में 45.15 बिलियन डॉलर था और तबसे लगातार आठ वर्षों तक निरंतर वृद्धि हुई है, जो रिकॉर्ड एफडीआई आवक तक पहुंच गई है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 83.6 बिलियन डॉलर की सर्वाधिक एफडीआई दर्ज किया गया। यह एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) 101 देशों से आया है और भारत में 31 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों तथा 57 सेक्टर में निवेश किया गया है। हाल के वर्षों में आर्थिक सुधारों तथा व्यवसाय करने की सुगमता की बदौलत, देश चालू वित्त वर्ष के दौरान 100 बिलियन डॉलर एफडीआई आकर्षित करने की राह पर है।

सरकार के उपायों से
मेक इन इंडिया पहल को मिली मजबूती

14 प्रमुख विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन स्कीम (पीएलआई) मेक इन इंडिया पहल के लिए एक बड़े प्रोत्साहन के रूप में वित्त वर्ष 2020-21 में लॉन्च की गई। पीएलआई स्कीम रणनीतिक वृद्धि के सेक्टरों में जहां भारत को तुलनात्मक रूप से बढ़त हासिल है, वहीं घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करती है। इनमें घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को सुदृढ़ बनाना, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करना, भारतीय उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना तथा निर्यात क्षमता को बढ़ावा देना शामिल है। पीएलआई स्कीम से उत्पादन एवं रोज़गार के लिए उल्लेखनीय

लाभ पैदा होने की उम्मीद है जिनमें एमएसएमई इकोसिस्टम तक लाभ पहुंच सकता है।

मेक इन इंडिया पहल को सुदृढ़ बनाने के लिए, भारत सरकार द्वारा कई अन्य उपाय भी किए गए हैं। सुधार के इन उपायों में कानून में संशोधन, अनावश्यक अनुपालन बोझ कम करने के लिए दिशानिर्देशों एवं विनियमनों का उदारीकरण, लागत में कमी लाना तथा भारत में व्यवसाय करने की सुगमता बढ़ाना शामिल हैं। नियमों एवं विनियमनों के बोझिल अनुपालनों को सरलीकरण, विवेकीकरण, गैर-अपराधीकरण एवं डिजिटाइजेशन के जरिये कम कर दिया गया है और भारत में व्यवसाय करना और अधिक आसान बना दिया गया है। विश्व अर्थव्यवस्था में सेमीकंडक्टरों के महत्व को स्वीकार करते हुए, भारत सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले, डिजाइन इकोसिस्टम का निर्माण करने के लिए 10 बिलियन डॉलर की एक प्रोत्साहन स्कीम लॉन्च की है।

सरकार ने देश में विनिर्माण जोनों को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना शुरुआत की गई है। यह वस्तुओं और लोगों की तीव्र आवाजाही को सक्षम बनाएगी तथा बाजारों, हबों और अवसरों तक पहुंच में वृद्धि करेगी तथा लॉजिस्टिक संबंधी लागत में कमी लाएगी। एक जिला एक उत्पाद पहल देश के प्रत्येक जिले से स्वदेशी उत्पादों के संवर्धन और उत्पादन को सुगम बनाने तथा कारीगरों और हस्तशिल्प, हथकरघा, कपड़ा, कृषि तथा प्रसंस्कृति उत्पादों के विनिर्माताओं को एक वैश्विक मंच उपलब्ध कराने और इसके जरिये देश के विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में और ज्यादा योगदान देने के जरिये 'मेक इन इंडिया' विजन की एक और अभिव्यक्ति है।

अन्य प्रमुख जानकारी

- 'मेक इन इंडिया' पहल की शुरुआत 25 सितंबर, 2014 को देशव्यापी स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र के विकास के उद्देश्य से की गई थी।
- पहल की शुरुआत के कुछ समय बाद ही वर्ष 2015 में भारत ने अमेरिका और चीन को पीछे छोड़ते हुए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया था।
- मेक इन इंडिया पहल विश्व भर में संभावित निवेशकों तथा साझीदारों को 'नये भारत' की विकास गाथा में हिस्सा लेने के लिए एक खुला आमंत्रण है। मेक इन इंडिया के एक पायदान और ऊपर चढ़ते हुए अब गुणवत्ता के वैश्विक मानदंडों का अनुपालन करते हुए 'मेड फॉर द वर्ल्ड' की बात भी हो रही है। मेक इन इंडिया निवेश के दरवाजे खोल रहा है। अनेक उद्यम इसके मंत्र को अपना रहे हैं।
- 'मेक इन इंडिया' के तहत तैयार देश की पहली सेमी हाई स्पीड 'वंदे भारत ट्रेन' दिल्ली से वाराणसी के बीच चलाई गई थी जिसका उद्घाटन 15 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया था।
- हाल ही में भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत को कोच्चि में सेवा में उतारा गया है।
- बीते पांच वर्षों में भारत के डिफेंस निर्यात में 334 फीसदी का भारी उछाल आया है। भारत में निर्मित हथियार 75 देशों को निर्यात किया जा रहा है।
- 'मेक इन इंडिया' पहल में अर्थव्यवस्था के 25 प्रमुख क्षेत्रों जैसे ऑटो अवयव (ऑटोमोबाइल कम्पोनेंट्स), ऑटोमोबाइल, विमानन, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन (केमिकल्स), निर्माण (कंस्ट्रक्शन), रक्षा उत्पादन, विद्युत मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और निर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी एवं बीपीएम, चमड़ा, मीडिया एवं मनोरंजन, खदान (माइनिंग), तेल एवं गैस, फार्मास्यूटिकल्स, बंदरगाहों एवं नौवहन (पोर्ट्स एंड शिपिंग), रेलवे, सड़क एवं राजमार्ग, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, वस्त्र एवं परिधान, थर्मल पावर, पर्यटन एवं आतिथ्य और वेलनेस।
- खिलौनों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कई रणनीतिक कदम उठाये गए हैं। कुछ प्रमुख पहलों में मूलभूत सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश का कार्यान्वयन, आयातित खिलौनों की अनिवार्य सैंपल जांच, घरेलू खिलौना विनिर्माताओं को 850 से अधिक बीआईएस लाइसेंस की मंजूरी देना, खिलौना क्लस्टरों का निर्माण आदि शामिल है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खिलौना मेला 2021, ट्वॉयकैथोन 2021, ट्वॉय बिजनेस लीग 2022 का आयोजन किया गया।
- घरेलू खिलौना विनिर्माताओं के ईमानदार प्रयासों की सहायता से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 326 मिलियन डॉलर (2601.5 करोड़ रुपये) के बराबर खिलौनों का निर्यात किया गया है, जो वित्त वर्ष 2018-19 के 202 मिलियन डॉलर (1612 करोड़ रुपये) की तुलना में 61 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि प्रदर्शित करता है। भारत के खिलौनों के निर्यात ने अप्रैल-अगस्त 2022 में 2013 की समान अवधि के मुकाबले 636 प्रतिशत की असीम वृद्धि दर्ज कराई है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

सीमेंट उद्योग के लिए प्रसिद्ध है सतना जिला

सतना, मध्यप्रदेश के रीवा संभाग का एक जिला है। इसका गठन राज्य- पुनर्गठन अधिनियम के तहत 1 नवंबर, 1956 को किया गया था। इसकी सीमा पश्चिम में पन्ना, पूर्व में रीवा, दक्षिण में कटनी जिले और उत्तर में उत्तरप्रदेश राज्य से लगी हुई है।

इस शहर की नींव 1863 में ब्रिटिश हुकूमत ने रेलवे स्टेशन के रूप में रखी थी। सतना शहर को बसाने का श्रेय अंग्रेजी पॉलिटिकल एजेंसी के अफसरों तथा आबाद करने का श्रेय बुंदेलखंड, बघेलखंड तथा गुजरात के मजदूरों एवं दुकानदारों को जाता है। वे काम की तलाश में यहां आए और 1867 में रेलवे स्टेशन बनकर तैयार होते ही एक छोटी सी बस्ती शहर का रूप लेने लगी।

सतना बस्ती को रेलवे स्टेशन बनने के बाद विकास के पंख लग गए। स्टेशन के आसपास बाजार का विकास हुआ तो यहां की आबादी बढ़ने लगी। आबादी को देखते हुए 31 मई 1921 को रीवा राज्य ने शहर को नगर पालिका का दर्जा दे दिया। कहा जाता है कि इस शहर का नाम यहां बहने वाली 'सतना नदी' के नाम पर पड़ा है।

सतना जिले में दो प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल हैं चित्रकूट और मैहर। आकर्षण का एक और लोकप्रिय स्थान (स्तूप) प्राचीन बौद्ध शहर "भरहुत" है, जिसके पुरातत्व अवशेष देश के प्रमुख संग्रहालयों को उपहार में दिए गए हैं।

सतना के मुकुंदपुर में व्हाइट टाइगर सफारी स्थापित की गई है। इसका नाम महाराज मार्तंड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी और जू रखा गया है।

इतिहास

सतना जिला ऐतिहासिक रूप से बघेलखंड क्षेत्र में आता है, जिसके एक बहुत बड़े हिस्से पर रीवा राजघराने का शासन था। सामंती प्रमुखों और बाद में ब्रिटिश सरकार ने पश्चिमी क्षेत्र के एक छोटे हिस्से पर शासन किया। ऐसे स्थान थे - मैहर, नागोद, कोठी, जासो, सोहावल और बारूंधा, जागीर-पालदेव, पहारा, तारायण, भाईसुधा और कामता-राजुला।

प्रारंभिक बौद्ध पुस्तकें, महाभारत आदि बघेलखंड पथ को हैहया, कलचुरी या कवीले वंश के शासकों से जोड़ती हैं। इतिहासकारों के अनुसार तब बघेलखंड पथ भारतीय कला और वास्तुकला में महत्वपूर्ण स्थान रखता था। बाद में दिल्ली के सुल्तानों और मुगल सम्राटों ने 1707 तक (औरंगजेब की मृत्यु तक) इस जिले पर शासन किया। 1803 में, बेसिन की संधि के बाद, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने रीवा जिले के शासक को गठबंधन का प्रस्ताव दिया। हालांकि, उस समय के शासकों ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। 1857 के सिपाही विद्रोह के बाद सतना जिला ब्रिटिश सरकार के हाथों में आ गया।

1857 में, महाराजा रघुराज सिंह ने पड़ोसी मंडला और जबलपुर जिले और नागोद में, जो अब सतना जिले का एक हिस्सा है, विद्रोह को दबाने में अंग्रेजों की मदद की। इसके लिए राजा को सोहागपुर (शहडोल) और अमरकंटक परगना की बहाली के द्वारा पुरस्कृत किया गया था, जिसे सदी की शुरुआत में मराठों ने जब्त कर लिया था। वर्तमान सतना जिले के रघुराज नगर और संपूर्ण अमरपाटन तहसील विंध्य प्रदेश के गठन से पहले रीवा राज्य में थे।

अर्थव्यवस्था

सतना जिले में लाल और काली दोनों प्रकार की मिट्टी पाई जाती है। जिले में मुख्य रूप से धान, सोयाबीन, गेहूँ, चना, प्याज आदि की खेती की जाती है। सीमेंट उद्योग सतना जिले की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। साथ ही बीड़ी उद्योग, हथकरघा बुनाई, आटा, तिलहन मिलिंग, कृषि और कपड़े से संबंधित निर्माण इकाईयां भी यहां रोज़गार का प्रमुख स्रोत हैं।

सतना जिले में गेरू (फेरिक ऑक्साइड) बहुतायत में पाया जाता है।

प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 01 नवंबर 1956
2. संभाग - रीवा
3. जिला मुख्यालय - सतना
4. क्षेत्रफल - 7502 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 22,28,619 (पुरुष - 11,56,734, महिलाएं - 10,71,885)
6. लिंग अनुपात - 926
7. जनघनत्व - 297 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 73%
9. तहसीलें - 11 (रघुराजनगर, रामपुर-बघेलान, नागौद, उचेहरा, अमरपाटन, रामनगर, मैहर, मझगवां, कोटर, बिरसिंहपुर, कोठी)
10. विकासखंड - 8
11. ग्राम पंचायत - 704
12. ग्राम - 2125
13. नगर पंचायत - 10
14. नगर निगम - 1
15. नगर पालिका - 1
16. विधानसभा क्षेत्र - 7 (चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन, रामपुर बाघेलान)
17. लोकसभा क्षेत्र - 1 (सतना संसदीय क्षेत्र)
18. भाषा एवं बोली - हिन्दी, बघेली (सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- सतना जिले में स्थित चित्रकूट मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व का एक शहर है। चित्रकूट की सीमा उत्तर प्रदेश से लगी हुई है। यह हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित कई मंदिरों और स्थलों के लिए जाना जाता है। मान्यता है कि क्षेत्र के घने जंगलों में भगवान राम, सीता और लक्ष्मण ने अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान लंबा समय यहीं बिताया था। महान ऋषि अत्रि, सती अनुसूइया, दत्तात्रेय, महर्षि मार्कंडेय सहित कई अन्य ऋषियों, संतों और विचारकों ने यहां ध्यान किया।
- चित्रकूट में तुलसी संग्रहालय स्थित है, इसकी स्थापना 1977 में की गई थी। यहां पर संस्कृति विभाग लोक कला अकादमी द्वारा 'तुलसी शोध संस्थापन' भी स्थापित किया गया है।
- जिले का इतिहास महाभारत काल से माना जाता है। इस जिले के भरहुत से बौद्ध धर्म से सम्बंधित साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। भरहुत स्तूप की खोज सन् 1873 में अलेक्जेंडर कनिंघम ने की थी। यह स्थान बौद्ध स्तूप और कलाकृतियों के लिए प्रसिद्ध है।
- सतना जिले के मैहर में त्रिकुटा पहाड़ी की चोटी पर शारदा देवी मंदिर स्थित है। मंदिर में साल भर लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ती है। यहां नवरात्रि के मौके पर मेला भी लगता है।
- मैहर को संगीत नगरी भी कहा जाता है क्योंकि यह प्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद अलाउद्दीन खां की कर्मस्थली रहा है। यहां अलाउद्दीन खां संगीत अकादमी स्थापित की गई है तथा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का भी आयोजन किया जाता है।
- व्यंकटेश मंदिर, शिव मंदिर, बिरसिंहपुर, बाबा तालाब शिव मंदिर, अल्हा देव मंदिर, गोलमाथ मंदिर, जानकी कुंड, हनुमान धारा, कोटि तीर्थ, स्फटिक शिला, प्रमोद वन, सती अनुसूइया आश्रम, रामवन, लक्ष्मण पहाड़ी, माधौगढ़ का किला आदि जिले में स्थित अन्य पर्यटन और धार्मिक महत्व के स्थल हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

कॅरियर की राहें

अब फायनेंशियल प्लानर के रूप में बढ़ गए हैं कॅरियर के मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

यकीनन कोविड-19 के बाद देश में फायनेंस मैनेजमेंट का क्षेत्र तेजी से बढ़ने के कारण फाइनेंशियल प्लानर का कॅरियर युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हो रहा है। केवल शहरों में ही नहीं छोटे-छोटे गांवों में भी अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर स्किल्स और फायनेंशियल मैनेजमेंट से संबंधित डिग्रियां मुट्ठियों में लेकर युवाओं के द्वारा फायनेंशियल

प्लानर के रूप में उत्साह के साथ काम किया जा रहा है। फायनेंशियल प्लानर इन्वेस्टमेंट, इंश्योरेंस सेविंग, लोन आदि के बारे में सलाह देने और प्रबंधन का काम करते हैं। वस्तुतः फायनेंस मैनेजमेंट वह क्षेत्र है, जिसमें धन अथवा अन्य साधनों के निवेश की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी मिलती है। इसमें वित्तीय आदान-प्रदान में प्रबंधन के नए-नए तरीके ईजाद किए जाते हैं। इसमें शेयर-म्यूचुअल फंड में निवेश, इंटरनेशनल फायनेंसिंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग, अरेंजिंग स्वैप, इंटरनेशनल लीज, फायनेंसिंग आदि को शामिल किया जाता है।

फायनेंशियल प्लानिंग के लिए नया नजरिया

देश में वर्ष 2016 में हुई नोटबंदी और फिर वर्ष 2020 और 2021 के कोरोनाकाल के बाद लोगों ने अपनी फायनेंशियल प्लानिंग को अब नए नजरिए से देखना शुरू कर दिया है। घरेलू बचत का वित्तीयकरण हुआ, इसके अलावा बचत के तरीकों और जोखिम लेने की क्षमता में आए व्यापक बदलाव की वजह से व्यवस्थित निवेश योजनाएं जीवन जीने का तरीका बन गईं। बाजार में तेजी की वजह से भी बड़ी संख्या में निवेशक म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद की अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत रखने के लिए भी लोग इनकी सेवा लेने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2022 में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया की सबसे अधिक विकास दर के रूप में चिन्हित की जा रही है। वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भी भारत का सेंसेक्स उत्साहजनक ऊँचाई को रेखांकित कर रहा है। भारत आईपीओ से फंड जुटाने में अमेरिका और चीन के बाद तीसरा बड़ा बाजार बनकर उभरा है। करीब 2024 तक भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा बैंकिंग हब होगा। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 में 3.17 करोड़ निवेशक खाते जोड़े गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 43 म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास निवेशक खातों की संख्या अगस्त, 2022 में अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 13.65 करोड़ पर पहुंच गई, जो मार्च, 2022 में 12.95 करोड़ थी। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2022 तक 44 करोड़ से अधिक जनधन खातों, मोबाइल बैंकिंग तथा इंटरनेट के बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर निवेश की गतिविधि बढ़ गई हैं। इसे देखते हुए फायनेंशियल प्लानर तेजी से गांवों की ओर अपने कदम बढ़ा रहे है।

फायनेंशियल प्लानर के लिए कॅरियर के क्षेत्र

एक फायनेंशियल प्लानर के लिए विभिन्न प्रकार के कॅरियर के मौके उपलब्ध हैं। फायनेंस से संबंधित प्रजेंटेशन बनाने से लेकर बैंक से टर्म लोन तथा वर्किंग लोन जारी कराने में फायनेंशियल प्लानर सहायक बन सकते हैं। फायनेंशियल फर्म में फायनेंशियल प्लानिंग मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर तथा एसोसिएट ऑडिटर जैसे कई महत्वपूर्ण पद होते हैं। बैंकिंग के क्षेत्र में इनवेस्टमेंट एडवाइजरी मैनेजर, इनवेस्टमेंट रिलेशनशिप मैनेजर, रिटेल रिलेशनशिप ऑफिसर, म्यूचुअल फंड मैनेजर आदि पद पर नियुक्त हुआ जा सकता है। नॉलेज प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग (केपीओ) के तहत फायनेंशियल प्लानर डाटा एनालिस्ट, मार्केट रिसर्चर, क्लाइंट डेवलपमेंट एनालिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट, फायनेंशियल एनालिस्ट तथा रिसर्च एसोसिएट के रूप में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इक्विटी रिसर्च फर्म में रिसर्च एनालिस्ट, इक्विटी एनालिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट, रिसर्च एसोसिएट के प्रतिष्ठापूर्ण पद प्राप्त कर सकते हैं। इंश्योरेंस इंडस्ट्री में ब्रांच मैनेजर, सेल्स मैनेजर, ऑपरेशन मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, एजेंसी मैनेजर के रूप में फायनेंशियल प्लानर के लिए अच्छे अवसर हैं। नॉन बैंकिंग फायनेंस क्षेत्र में बहुत अच्छे मौके हैं। फायनेंशियल प्लानर को वेल्थ मैनेजमेंट, टैक्स कंसल्टेंसी, पेंशन फंड तथा कई बैंक इन्हें एग्जिक्यूटिव के रूप में रोज़गार देते हैं। यदि खुद का काम करना चाहते हैं तो कंसल्टेंसी खोलकर भी अपनी सेवा दे सकते हैं। इस प्रोफेशन में आपको सैलरी के रूप में कभी निराशा हाथ नहीं लगेगी। इसमें शुरुआत में ही प्रोफेशनल्स को अच्छा भुगतान प्राप्त होता है। अनुभव के उपरांत यह सैलरी बढ़ती जाती है जो नौकरी न कर खुद की कंसल्टेंसी चलाना चाहते हैं, उनके लिए आमदनी की कोई निश्चित सीमा नहीं होती है। जितना ज्यादा आपके पास काम होगा उतनी ही ज्यादा आपकी आमदनी होगी।

फायनेंशियल प्लानर कॅरियर की स्किल्स

फायनेंशियल प्लानर के रूप में अच्छे कॅरियर के लिए जरूरी है कि शैक्षिक योग्यता के साथ-साथ कम्प्यूटर नॉलेज, धैर्य, टीम वर्क, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल, टैक्स-बिजनेस

आदि में रुचि, दक्षता जरूरी है। साथ ही क्लाइंट से किया गया वादा पूरा करने का सामर्थ्य, प्रभावशाली संवाद, तार्किक दिमाग आदि गुण जरूरी हैं। फायनेंशियल प्लानर का क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है, जिसमें अच्छे कॅरियर के लिए हर नवीनतम आर्थिक-कारोबार जानकारी से खुद को अपडेट रखना होगा।

फायनेंशियल प्लानर कॅरियर के लिए शैक्षणिक जरूरतें

इस फील्ड में कॅरियर के लिए फायनेंस और मैनेजमेंट से संबंधित कोई डिग्री-डिप्लोमा जरूरी है। फायनेंशियल प्लानिंग से जुड़े ज्यादातर कोर्स स्नातक के उपरांत किए जा सकते हैं। कुछ संस्थान फायनेंशियल प्लानिंग में सर्टिफिकेट कोर्स भी कराते हैं। इसके लिए भी संबंधित संस्थान ग्रेजुएट होने की मांग करते हैं। चार्टर्ड फायनेंशियल एनालिस्ट (CFA), चार्टर्ड पब्लिक अकाउंटेंट (CPA), सर्टिफाइड फायनेंशियल प्लानर (CFP), फायनेंशियल रिस्क मैनेजर (FRM) सर्टिफिकेशन और अन्य कोर्स करने के बाद भी इस क्षेत्र में कॅरियर बनाया जा सकता है।

सर्टिफाइड फायनेंशियल प्लानर बनने के लिए फायनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड बोर्ड की ओर से सर्टिफिकेशन प्रोग्राम कराया जाता है। इस प्रोग्राम की वैश्विक मान्यता है। इसे भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स से भी मान्यता प्राप्त है।

फायनेंशियल प्लानर के कोर्स में प्रवेश

निश्चित रूप से फायनेंशियल प्लानर बनने के लिए फायनेंस से संबंधित या फिर फायनेंशियल प्लानिंग, फायनेंशियल रिसर्च, फायनेंशियल मैनेजमेंट, फायनेंशियल मार्केट से संबंधित कोई डिग्री-डिप्लोमा लाभप्रद होते हैं।

ये कोर्स मध्यप्रदेश सहित देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और निजी शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध हैं। आप अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप उपयुक्त संस्थान का चयन करके फायनेंशियल प्लानर के कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इस वर्ष एथेलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित की गई थी।
(अ) दोहा (ब) यूजीन
(स) बुडापेस्ट (द) मॉस्को

2. वर्ष 2024 में किस देश में थॉमस कप का आयोजन किया जायेगा।
(अ) चीन (ब) डेनमार्क
(स) इंग्लैंड (द) न्यूजीलैंड

3. इस वर्ष विम्बलडन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं।
(अ) ईगा स्वितेक
(ब) नाओमी ओसाका
(स) एलिस मर्टेंस
(द) एलिना रिबाकिना

4. भारत ने वर्ष 2018 में किस खिलाड़ी की कप्तानी में आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप जीता था।
(अ) पृथ्वी शॉ (ब) उन्मुक्त चंद
(स) यशस्वी जायसवाल
(द) ईशान किशन

5. एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(अ) कबड्डी (ब) निशानेबाजी
(स) टेनिस (द) फुटबॉल

6. वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने क्रेमलिन कप में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता था।
(अ) मारिन सिलिक
(ब) आंद्रे रूबलेव
(स) अर्सलान कारात्सेव
(द) फैबियो फोगनिनी

7. जर्क और स्नैच टर्म का उपयोग किस खेल में होता है।
(अ) कुश्ती (ब) भारोत्तोलन
(स) टेनिस (द) तलवारबाजी

8. रूसी खिलाड़ी व्लादिमीर क्रेमनिक किस खेल से संबंधित हैं।
(अ) शतरंज (ब) तैराकी
(स) जिम्नास्टिक (द) गोल्फ

9. इस वर्ष किस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन खिताब जीता है।
(अ) मैक्स वेर्स्टापन
(ब) चार्ल्स लेकलर्क
(स) लुइस हैमिल्टन
(द) इनमें से कोई नहीं

10. कैमरन स्मिथ किस देश के दिग्गज गोल्फर हैं।
(अ) यूक्रेन (ब) आयरलैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) आर्मेनिया

11. इनमें से किस खिलाड़ी ने टेनिस में कम से कम 20 ग्रैंडस्लैम टाइटल नहीं जीते हैं।
(अ) रोजर फेडरर
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) राफेल नडाल
(द) आंद्रे अगासी

12. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं।
(अ) गुस्ताव मैक्योन
(ब) इयॉन मॉर्गन
(स) रिचर्ड लेवी
(द) बाबर हयात

13. इस वर्ष फ्रेंच सुपर कप का खिताब किस फुटबॉल क्लब ने जीता है।
(अ) लियोन
(ब) पेरिस सेंट जर्मेन
(स) मार्सिले
(द) इनमें से कोई नहीं

14. इस वर्ष जूनियर वर्ल्ड कुश्ती चैम्पियनशिप में किस भारतीय पहलवान ने स्वर्ण पदक जीता है।
(अ) अंतिम पंघल
(ब) प्रिया मलिक
(स) प्रियांशी प्रजापत
(द) सोनम मलिक

15. वर्ष 2021 में सोफिया ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैंपियन बने थे।
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) ग्रिगोर दिमित्रोव
(स) गेल मोन्फिल्स
(द) जेनिक सिनर

16. टोक्यो ओलिंपिक में किस देश ने निशानेबाजी में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं।
(अ) अमेरिका (ब) दक्षिण कोरिया
(स) चीन (द) जापान

17. मोहम्मद सालाह किस देश के दिग्गज फुटबॉलर हैं।
(अ) कतर (ब) मिस्त्र
(स) ईरान (द) घाना

18. रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।
(अ) वसीम जाफर
(ब) वीवीएस लक्ष्मण
(स) अमोल मजुमदार
(द) दीप दासगुप्ता

19. इस वर्ष विजेंदर सिंह ने प्रोफेशनल मुक्केबाजी में किस मुक्केबाज को हराया है।
(अ) कैरी होप (ब) चार्ल्स अमुजू
(स) एलियासु सुले
(द) फ्रांसिस चेका

20. कैरोलिना गार्सिया किस देश की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी हैं।
(अ) अमेरिका (ब) फ्रांस
(स) सर्विया (द) बुल्गारिया

21. हाल ही में इनमें से किस महिला टेनिस खिलाड़ी ने खेल से संन्यास लिया है।
(अ) ईगा स्वितेक
(ब) गरबाइन मुगुरूजा
(स) सेरेना विलियम्स
(द) मेडिसन कीज

22. वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाली महिला क्रिकेटर हैं।
(अ) मिताली राज
(ब) टेमी ब्यूमोंट
(स) सूजी बेट्स (द) मेग लेनिंग

23. रग्बी की शीर्ष संस्था वर्ल्ड रग्बी का मुख्यालय किस शहर में स्थित है।
(अ) डबलिन (ब) ऑकलैंड
(स) पेरिस (द) डरबन

24. बार्यन म्युनिख को छोड़कर रॉबर्ट लेवानडोवस्की किस क्लब के लिए खेल रहे हैं।
(अ) लिवरपूल (ब) बार्सिलोना
(स) पेरिस सेंट जर्मेन
(द) जुवेंटस

25. एशिया कप 2022 में श्रीलंका की क्रिकेट टीम के कप्तान थे।
(अ) कुशल मेंडिस
(ब) एंजेलो मैथ्यूज
(स) दासुन शनाका
(द) दिमुथ करूणारत्ने

उत्तर

1. (ब), 2.(अ), 3. (द), 4.(अ), 5. (ब), 6. (स), 7. (ब), 8.(अ), 9. (ब), 10.(स), 11. (द), 12.(अ), 13. (ब), 14.(अ), 15. (द), 16.(स), 17. (ब), 18.(अ), 19. (स), 20.(ब), 21. (स), 22.(द), 23.(अ), 24.(ब), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

Objective Questions for MPPSCAE/MPPEBJE

Civil Engineering

(1) The Coefficient of transmissibility T for a confined aquifer can be determined by a pumping out test together with other relevant observations. The applicable formula is (Where Q = discharge, and ΔS= difference in draw down in two wells)

(a) $\frac{Q\sqrt{\Delta S}}{2.72}$ (b) $\frac{Q}{2.72\Delta S}$

(c) $\frac{2.72Q}{\Delta S}$ (d) $\frac{Q}{2.72}\sqrt{\Delta S}$

Answer :- (b) $\frac{Q}{2.72\Delta S}$

Solution :- Coefficient of transmissibility is defined as the rate of flow of water in (m^3/day) through vertical strip of aquifer of unit width and extending the full saturation height under unit hydraulic gradient at a temperature of 60°F

$$Q=\frac{2\pi T(S_1-S_2)}{\ln(\frac{r_1}{r_2})}$$

$$T=\frac{Q\times\ln(\frac{r_1}{r_2})}{2\pi(S_1-S_2)}$$

Assume R_2 = loom & r_1 = 10m

$$T=\frac{Q}{\Delta S}\frac{\ln(\frac{100}{10})}{2\pi}$$

$$T=\frac{Q}{\Delta S}\frac{\ln 10}{2\times3.142}$$

$$T=\frac{Q}{\Delta S}\times\frac{2.3}{6.284}$$

$$T=\frac{Q}{\Delta S}\times0.366$$

$$T=\frac{Q}{2.72\Delta S}$$

(2) The absolute minimum radius of horizontal curve for a design speed of 60kmph is nearly?

(a) 129 m (b) 160 m

(c) 100 m (d) 115 m

Answer :- (a) 129 m

Solution :- design speed V = 60 km/h

$$V=60\times\frac{5}{18}m/sec$$

V = 16.66 m/sec

for radius of horizontal curve

$$e+f=\frac{V^2}{gR}$$

Where, e = 0.07

f = 0.15

$$0.07+0.15=\frac{(16.67)^2}{9.81\times R}$$

$$9.81R=\frac{277.89}{0.22}$$

$$R=\frac{2.77.89}{0.22\times9.81}$$

$$R=128.76m\approx129m$$

(3) The equation of Lemniscates curve for transition curve is given by?

(a) $r=\frac{P}{2\tan2\alpha}$

(b) $r=\frac{P}{3\sin2\alpha}$

(c) $r=\frac{P}{2\sin2\alpha}$

(d) $r=\frac{P}{2\sin\alpha}$

Answer :- (b) $r=\frac{P}{3\sin2\alpha}$

Solution :- The equation of lemniscates curve is $r=\frac{P}{3\sin2\alpha}$

Where -

$r\rightarrow$ Radius of curvature at any point

$\alpha\rightarrow$ Polar deflection angle

$P\rightarrow$ Polar ray at any point

(4) The portion of a roadway used by vehicular traffic is called?

(a) Rightway (b) Carriageway

(c) Motorway (d) Expressway

Answer :- (b) Carriageway

Solution :- Carriageway - It is the portion of the roadways used by vehicular traffic. It is in general the metallic portion of the road as per IRC.

(5) Strain energy (U) caused by bending is given by the relation?

(a) $U=\int\frac{M}{2EI}dx$

(b) $U=\int\frac{M^2}{2EI}dx$

(c) $U=\int\frac{M^2}{EI}dx$

(d) $U=\int\frac{M^2}{3EI}dx$

Answer :- (b) $U=\int\frac{M^2}{2EI}dx$

Solution :- Strain energy (U) caused by bending is given by the relation

$$U=\int\frac{M^2}{2EI}dx$$

(6) Match List-I (Characteristics of sewage discharged into inland waters) with List-II (Allowable limit, mg/L) and select the correct answer using the codes given below the lists?

List-I	List-II
A. BOD_5	(i) 30
B. COD	(ii) 10
C. Oil and grease	(iii) 250
D. Total suspended solids	(iv) 20

(a) A (iv) - B (iii) - C (ii) - D (i)

(b) A (iii) - B (iv) - C (i) - D (ii)

(c) A (i) - B (ii) - C (iii) - D (iv)

(d) A (i) - B (ii) - C (iv) - D (iii)

Answer :- (a) A (iv) - B (iii) - C (ii) - D (i)

Solution :-

Characteristics	Permissible limit, mg/L
BOD_5	20
COD	250
Oil and grease	10
Total suspended solids	30

(7) The minimum dicsolved oxygen content (ppm) in river necessary for the survival of aquatic life is?

(a) 1 (b) 2

(c) 0 (d) 4

Answer :- (d) 4

Solution :- The minimum dissolved oxygen content (ppm) in river is 4 ppm.

(8) A uniform bar of length L, cross section area A and material density ρ is suspender vertically from one end Arial elongation of the bar will be?

(a) $\frac{\rho gL}{2E}$ (b) $\frac{\rho L}{E}$

(c) $\frac{\rho gL^2}{2E}$ (d) $\frac{\rho gL^2}{AE}$

Answer :- (c) $\frac{\rho gL^2}{2E}$

Solution :- Self weigh of rod = W

Elongation due to self load (nl) = $\frac{WL}{2AE}$

$$mass(m)=density(\delta)\times volume(v)$$

$$m=\rho\times AL$$

$$W=mg$$

$$W=\rho AL\times g$$

$$\Delta l=\frac{\rho ALg\times L}{2E}$$

$$\Delta l=\frac{\rho gL^2}{2E}$$

(9) In an experiment it is found that the bulk modulus of a material is equal to its shear modulus then the poisson's ratio is?

(a) 0.525 (b) 0.150

(c) 0.125 (d) 0.325

Answer :- (c) 0.125

Solution :- $K=\frac{E}{3(1-2\mu)}$

$$and\ G=\frac{E}{2(1+\mu)}$$

Given, G = K

$$\frac{E}{3(1-2\mu)}=\frac{E}{2(1+\mu)}$$

$$3(1-2\mu)=2(1+\mu)$$

$$3-6\mu=2+2\mu$$

$$1=8\mu$$

$$\mu=\frac{1}{8}=0.125$$

(10) A simply supported beam of span l and flenural rigidity EI carries a unit load at its mid-span the strain energy at this condition in the beam due to bending is?

(a) $\frac{l^3}{50EI}$ (b) $\frac{l^2}{48EI}$

(c) $\frac{l^3}{96EI}$ (d) $\frac{l^2}{196EI}$

Answer :- (c) $\frac{l^3}{96EI}$

Solution :- $M_x=\frac{Wx}{2}$

strain energydue to bending is given by

$$U_b=\int\frac{(M_x)^2dx}{2EI}=2\int(\frac{W}{2}x)^2\frac{dx}{2EI}$$

$$=2x\int_0^{l/2}(\frac{Wx}{2})^2\frac{dx}{2EI}$$

$$=2\left[\frac{W^2}{4}[\frac{x^3}{3}]_0^{l/2}\frac{1}{2EI}\right]$$

$$U_b=\frac{W^2}{12EI}[x^3]_0^{l/2}$$

$$U_b=\frac{W^2}{12EI}[\frac{l^3}{8}]$$

$$U_b=\frac{W^2l^2}{96EI}$$

When W = l, $U_b=\frac{l^3}{96EI}$

(11) When effect of wind or earthquake load is taken into account the permissible stresses on rivers, bolts and tension roads may be exceeded by?

(a) 35% (b) 25%

(c) $33\frac{1}{3}\%$ (d) 30%

Answer :- (b) 25%

Solution :- When wind and earthquake loads are considered permissible stress is connections are increasel by 25%

(12) The net effective cross-sectioned area of a single angle section connected by one leg to the gusset plate is?

(a) $\frac{5A_1}{5A_1+A_2}$ (b) $\frac{5A_2}{5A_1+A_2}$

(c) $\frac{3A_1}{3A_1+A_2}$ (d) $\frac{3A_1}{A_1+3A_2}$

Answer :- (c) $\frac{3A_1}{3A_1+A_2}$

Solution :- The net effective cross-sectioned area of a single angle section connected by one leg to the gusset plate is $\frac{3A_1}{3A_1+A_2}$

(13) In a plate girder, bending is primarily resisted by?

(a) Flange Plate

(b) Web Plate

(c) Flange Angle

(d) All the above

Answer :- (a) Flange Plate

Solution :- The components of typical plate girder are (1) Web (2) Flanges (3) Stiffeners

In a plate girder, bending is primarily resisted by flange plates and shear by web.

(14) The optimistic, most likely and pessimistic estimates for an activity are 4 days, 11 days and 12 days respectively. The expected completion time of this activity is?

(a) 10 days (b) 11 days

(c) 13 days (d) 8 days

Answer :- (a) 10 days

Solution :- Expected completion

$$time=\frac{t_0+4t_m+t_p}{6}$$

$$=\frac{4+4\times11+12}{6}=10days$$

(15) Critical Path Method (CPM) network is?

(a) Activity oriented

(b) Event oriented

(c) Activity and event oriented

(d) None of these

Answer :- (a) Activity oriented

Solution :- CPM network is activity oriented where as PERT network is event oriented.

(16) The maximum spacing of shear reinforcement should not exceed 0.75d subject to a minimum?

(a) 325 mm (b) 450 mm

(c) 300 mm (d) 500 mm

Answer :- (c) 300 mm

Solution :- According IS 456 : 2000 The maximum spacing of shear reinforcement measured along the axis of the member shall not exceed 0.75d for vertical stirrups where 'd' is the effective depth of the section under consideration in no case the spacing exceed 300mm.

(17) As per IS 456 2000 the target strength for M40 mix proportion having standard deviation 5N/mm² is?

(a) 48.25 N/mm²

(b) 48 N/mm²

(c) 47.5 N/mm²

(d) 47.25 N/mm²

Answer :- (a) 48.25 N/mm²

Solution :- Target mean strength

$f_m + f_{ck} + 1.65\sigma$

standard deviation (σ) 5 = N mm²

$f_m = 40 + 1.65 \times 5$

$= 40 + 8.25$

$f_m = 48.25$ N/mm²

(18) The maximum bending stress in tension or in compression in extreme fibre is?

(a) 0.40fy (b) 0.45fy

(c) 0.65fy (d) 0.66fy

Answer :- (d) 0.66fy

Solution :- The maximum bending stress in tension or in compression in extreme fibre is 0.66fy

In axial tension and compression is = 0.6fy

In shear avg. maximum permissible = 0.40fy

maximum permissible = 0.45fy

(19) The maximum area of tension steel in a beam shall not exceed.

(a) 0.12bD (b) 0.04bD

(c) 0.15bD (d) 4bD

Answer :- (b) 0.04bD

Solution :- According to IS 456-2000, maximum tension steel that can be provided in a beam is 4% of the gross sectional area max. tension steel

$$=\frac{4}{100}\times bD=0.04bD$$

(20) In case of a non-cellular, non-ribbed flat slab, the spacing of the steel reinforcing bars shall not exceed in times the thickness of the slab, where in m is?

(a) 1.2 (b) 2

(c) 1.5 (d) 1

Answer :- (b) 2

Solution :- In case of a non-cellular, non-ribbed flat slab, the spacing of steel reinforcing bars shall not be exceed 2 times the thickness of slab.

(21) The minimum reinforcement using mild steel in slab should not be less than?

(a) 0.15% (b) 0.12%

(c) 0.1% (d) 0.04%

Answer :- (a) 0.15%

Solution :- The minimum reinforcement using mild steel in slab should not be less than 0.15%

(22) A soft storey is characterized by vertical discontinuity in?

(a) stiffness

(b) size of shear wall

(c) infill wall

(d) strength

Answer :- (a) stiffness

Solution :- A soft storey is characterized by vertical discontinuity in stiffness. A soft or weak storey exists if the height of that storey is at least 15% greater than storey above or below.

(23) Degree of freedom of a rigid block foundation are?

(a) 5 (b) 6

(c) 3 (d) 9

Answer :- (b) 6

Solution :- Degree of freedom for rigid block foundation are 6

(24) Which of the following failures of bolted joint can be avoided by providing sufficient edge distance?

(a) Shear failure of plate

(b) Shear failure of bolt

(c) Tensile failure of plate

(d) Bearing failure of bolt

Answer :- (a) Shear failure of plate

Solution :- By providing proper edge distance, we can prevent shear failure, splitting failure and bearly failure of plates.

– साहिल शर्मा

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

नर्सिंग प्रवेश चयन परीक्षा की तैयारी

भौतिकी

(1) एक चल कुण्डली धारामापी का प्रतिरोध G है। इसके पूर्ण स्केल विक्षेप के लिए आवश्यक धारा I_g है। इसे V वोल्ट के परास के वोल्टमीटर में बदलने के लिए कुण्डली के साथ श्रेणी क्रम में R प्रतिरोध लगाते हैं। अतः R का मान होगा -

(A) $V-I_gG$

(B) $V+I_gG$

(C) $\frac{V-I_gG}{I_g}$

(D) $\frac{V+I_gG}{I_g}$

उत्तर - (C) $\frac{V-I_gG}{I_g}$ है।

(2) एक कण पर आवेश q है तथा यह वेग v से गति कर रहा है। इस समय इस पर विद्युत क्षेत्र $\vec{E}$ तथा चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}$ दोनों ही कार्यरत हैं। कण पर लगने वाले लारेन्ट्ज बल $\vec{F}$ का मान होगा -

(A) $\vec{F}=q[\vec{E}+\vec{v}\times\vec{B}]$

(B) $\vec{F}=q[\vec{E}+(\vec{v}\cdot\vec{B})]$

(C) $\vec{F}=\frac{q(\vec{v}\times\vec{B})}{\vec{E}}$

(D) शून्य

उत्तर - (A) $\vec{F}=q[\vec{E}+\vec{v}\times\vec{B}]$ है।

(3) द्रव्यमान m तथा आवेश q का एक कण B चुम्बकीय तीव्रता के एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र में R त्रिज्या के वृत्ताकार पथ पर गतिमान है। कण की आवृत्ति होगी -

(A) $\frac{qB}{2\pi mR}$ (B) $\frac{qB}{2\pi m}$

(C) $\frac{qB}{mR}$ (D) $\frac{2\pi m}{qB}$

उत्तर - (B) $\frac{qB}{2\pi m}$ है। यहां

$F=qvB=\frac{mv^2}{R}$ से $v=\frac{qBR}{m}$

है। अतः आवृत्ति $f=\frac{v}{2\pi R}$

$=\frac{qB}{2\pi m}$ है।

(4) समान विद्युत आवेश q वाले दो कण समान गतिज ऊर्जा से एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र B में प्रवेश करते हैं। यदि कणों के वृत्तीय पथों की त्रिज्याएं R_1 तथा R_2 हों, तो उनके द्रव्यमानों का अनुपात होगा -

(A) $\frac{R_1}{R_2}$ (B) $\frac{R_2}{R_1}$

(C) $\left(\frac{R_1}{R_2}\right)^2$ (D) $\sqrt{\frac{R_1}{R_2}}$

उत्तर - (C) $\left(\frac{R_1}{R_2}\right)^2$ है। यहां

$F=qvB=\frac{mv^2}{R}$ से

$\frac{R_1}{R_2}=\frac{m_1v_1}{m_2v_2}$ होगा। अब

$\frac{m_1v_1^2}{2}=\frac{m_2v_2^2}{2}$ है। अतः

$\frac{m_1}{m_2}=\frac{v_2^2}{v_1^2}=\left(\frac{R_1}{R_2}\right)^2$ होगा।

(5) एक स्पर्शज्या धारामापी में 2 एम्पीयर धारा प्रवाहित करने पर विक्षेप 30° आता है। यदि विक्षेप 60° हो, तो धारा का मान होगा -

(A) 4 एम्पीयर

(B) 3 एम्पीयर

(C) 1.5 एम्पीयर

(D) 6 एम्पीयर

उत्तर - (D) 6 एम्पीयर है। यहां

$\frac{I_1}{I_2}=\frac{\tan30^o}{\tan60^o}$ से

$\frac{2}{I_2}=\frac{1}{\sqrt{3}\times\sqrt{3}}$ होगा।

(6) एक अनन्त लम्बे रेखीय चालक से 10 सेमी की दूरी पर चुम्बकीय क्षेत्र की तीव्रता 10^{-5} वेबर/मीटर² है। चालक में प्रवाहित धारा का मान होगा -

(A) 5 A (B) 10 A

(C) 2.5 A (D) 2.0 A

उत्तर - (A) 5 A है। यहां $B=\frac{\mu_o}{4\pi}\times\frac{2I}{r}$

से $10^{-5}=\frac{10^{-7}\times2I}{0.1}$ है। अतः

I = 5 होगा।

(7) एक धारामापी का प्रतिरोध G है तथा इसकी कुण्डली के समान्तर क्रम में S प्रतिरोध का शण्ट लगाया गया है। इसका तुल्य प्रतिरोध होगा -

(A) S + G (B) . S G

(C) $\frac{SG}{S+G}$ (D) $\frac{S+G}{SG}$

उत्तर - (C) $\frac{SG}{S+G}$ है। यहां

$\frac{1}{R}=\frac{1}{S}+\frac{1}{G}$ है।

(8) एक धारावाही वृत्ताकार कुण्डली में I एम्पीयर धारा प्रवाहित करने पर केन्द्र पर 5 टेसला का चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न होता है। यदि कुण्डली की त्रिज्या एक चौथाई तथा धारा दुगनी कर दी जाये तो केन्द्र पर उत्पन्न क्षेत्र होगा -

(A) 20 टेसला (B) 40 टेसला

(C) 60 टेसला (D) 10 टेसला

उत्तर - (B) 40 टेसला है। यहां

$\frac{B_1}{B_2}=\frac{I_1}{I_2}\times\frac{a_2}{a_1}$ से $\frac{5}{B_2}=\frac{1}{2}\times\frac{1}{4}$

से B_2 = 40 टेसला होगा।

(9) एक धारामापी में S शण्ट लगाने से उसकी कुण्डली में धारा का मान $\frac{1}{10}$ हो जाता है। यदि कुण्डली का प्रतिरोध G हो, तो शण्ट का प्रतिरोध होगा -

(A) 5 G (B) $\frac{G}{10}$

(C) $\frac{G}{9}$ (D) $\frac{G}{11}$

उत्तर - (C) $\frac{G}{9}$ है। यहां

$S=\frac{G}{n-1}=\frac{G}{9}$ है।

(10) राशि $\frac{1}{\sqrt{\mu_oE_o}}$ का मान होता है -

(A) 10^{-7} मी./से.

(B) 10^{-11} मी./से.

(C) 2×10^{-8} मी./से.

(D) 3×10^{8} मी./से.

उत्तर - (D) 3×10^{8} मी./से. है। इस राशि का मान C है।

(11) L लम्बाई, I धारा तथा N फेरों वाली परिनालिका के मध्य चुम्बकीय क्षेत्र B का मान होता है -

(A) $\frac{\mu_o}{4\pi}\cdot\frac{N}{L}\cdot I$ (B) μ_oNLI

(C) $\frac{\mu_o}{4\pi}NLI$ (D) $\frac{\mu_oNI}{L}$

उत्तर - (D) $\frac{\mu_oNI}{L}$ है।

(12) लम्बाई *l* के एक तार में 2 एम्पीयर की धारा बह रही है। इसे एक चुम्बकीय क्षेत्र B के समान्तर रखा गया है। इस पर कार्यकारी बल होगा -

(A) $\frac{IBl}{2}$ (B) 2 B *l*

(C) 2 I B *l* (D) शून्य

उत्तर - (D) शून्य है।

बल $F=IlB\sin\theta=0$ क्योंकि

$\theta=0$ है।

(13) एक धारावाही कुण्डली लघु चुम्बक की तरह काम कर रही है। यदि कुण्डली का क्षेत्रफल दुगना तथा धारा $\frac{1}{4}$ कर दी जाये, तो नया चुम्बकीय आघूर्ण का मान अपने पूर्व मान M का कितना गुना हो जायेगा -

(A) $\frac{M}{2}$ (B) 2 M

(C) $\frac{M}{4}$ (D) 4 M

उत्तर - (A) $\frac{M}{2}$ है। यहां $\frac{M_1}{M_2}=\frac{I_1A_1}{I_2I_2}$

से $\frac{M}{M_2}=\frac{I}{4}\times\frac{A}{2A}$ से

$M_2=\frac{M}{2}$ होगा।

(14) त्रिज्या R के वृत्ताकार लूप में धारा प्रवाहित होने के कारण इसके केन्द्र पर उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र का मान B है। इसका चुम्बकीय आघूर्ण -

(A) $\frac{BR^2}{2\pi\mu_o}$

(B) $\frac{2\pi BR^3}{\mu_o}$

(C) $2\pi\mu_oBR^2$

(D) $\mu_o\pi BR^3$

उत्तर - (B) $\frac{2\pi BR^3}{\mu_o}$ है। M = I A

तथा $B=\frac{\mu_o}{4\pi}.\frac{2\pi I}{R}$ से

$M=\frac{2BR}{\mu_o}\times\pi R^2$ होगा।

(15) 4 ओम प्रतिरोध वाले तीन प्रतिरोधों को एक ΔABC के रूप में जोड़ा गया है। किन्हीं दो सिरों के बीच तुल्य प्रतिरोध का मान होगा -

(A) 12 ओम (B) 8 ओम

(C) 6 ओम (D) $\frac{8}{3}$ ओम

उत्तर - (D) $\frac{8}{3}$ है। यहां

$\frac{1}{R_p}=\frac{1}{8}+\frac{1}{4}=\frac{3}{8}$ है।

(16) संलग्न चित्र में धारा I का मान होगा -



(A) 1.7 A (B) 1.0 A

(C) 2.7 A (D) 2.0 A

उत्तर - (A) 1.7 A है। धारा $I_1=2+2=4A$ तथा धारा $I_2=4-I=3A$ है। अतः I + 1.3 = 3.0 होगा।

(17) एक चालक से प्रति सेकेण्ड गुजरने वाले इलेक्ट्रॉनों की संख्या 6.25×10^{18} है। इस चालक में प्रवाहित धारा का मान होगा -

(A) 2.0 A (B) 1.0 A

(C) 10.0 A (D) 1.5 A

उत्तर - (B) 1.0 A है। यहां It = nq से I x 1 = 6.25 x 10^{18} x 1.6 x 10^{-19} = 1.0 A है।

(18) तांबे के तीन तारों की लम्बाई तथा अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल क्रमशः $(l,A);(2l,\frac{A}{2})$ तथा $(\frac{l}{2},2A)$ किस तार का प्रतिरोध न्यूनतम होगा -

(A) क्षेत्रफल A के तार का

(B) क्षेत्रफल $\frac{A}{2}$ के तार का

(C) लंबाई *2l* के तार का

(D) क्षेत्रफल 2A के तार का

उत्तर - (D) क्षेत्रफल 2A के तार का है।

यहां $R=\frac{Kl}{A}$ है।

(19) एक चालक में इलेक्ट्रॉनों का अनुगमन वेग V_d है। इसमें प्रवाहित धारा I हो, तो -

(A) $I\propto V_d^2$ (B) $I\propto\sqrt{V_d}$

(C) $I\propto\frac{1}{V_d}$ (D) $I\propto V_d$

उत्तर - (D) $I\propto V_d$ है।

(20) विभवमापी के तार की लम्बाई 10 मीटर है। इसके सिरों पर 2.0 वोल्ट कि.वा. बल का एक संचायक सेल लगाया जाता है। इसकी वोल्ट/सेमी में विभव प्रवणता होगी -

(A) 0.2 (B) 0.002

(C) 0.02 (D) 0.001

उत्तर - (B) 0.002 है। यहां E = K *l* से

$K=\frac{E}{l}=\frac{2}{1000}$ है।

(21) विभवमापी के तार की प्रतिरोधकता 10×10^{-8} ओम x मीटर तथा अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल 8×10^{-6} मीटर² हैं। यदि इसमें 0.2 एम्पीयर की धारा प्रवाहित की जाये तो तार पर विभव प्रवणता का मान होगा -

(A) 10^{-2} वोल्ट/मीटर

(B) $\frac{1}{10}$ वोल्ट/मीटर

(C) 2×10^{-3} वोल्ट/मीटर

(D) 1.0 वोल्ट/मीटर

उत्तर - (A) 10^{-2} वोल्ट/मीटर है।

यहां $R=\frac{Kl}{A}$ तथा V = I R से

विभव प्रवणता $K^1=\frac{V}{l}=\frac{IKl}{Al}$

$=\frac{0.2\times40\times10^{-8}}{8\times10^{-6}}=10^{-2}$ है।

(22) एक धारामापी का प्रतिरोध 50 ओम है तथा पूर्ण स्केल विक्षेप के लिए आवश्यक धारा 100 uA है। इससे 10A धारा पढ़ने के लिए समान्तर क्रम में लगाने वाले आवश्यक प्रतिरोध का मान होगा -

(A) 5×10^{-2} ओम

(B) 500 ओम

(C) 0.5 ओम

(D) 5×10^{-4} ओम

उत्तर - (D) 5×10^{-4} है। यहां

$S=\frac{I_g}{I-I_g}\times G=\frac{100\times10^{-6}\times50}{10}$

$=5\times10^{-4}$ है।

(23) किस पदार्थ का प्रतिरोध तत्व गुणांक ऋणात्मक नहीं है -

(A) कार्बन (B) सिलिकॉन

(C) जर्मेनियम (D) चांदी

उत्तर - (D) चांदी

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

भोपाल का पहला

जी.आई.एस. अति उच्चदाब सबस्टेशन ऊर्जीकृत

भोपाल, मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने नवाचार करते हुए भोपाल के पारेषण नेटवर्क को मजबूती और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रदेश का दूसरा तथा भोपाल का पहला जी.आई.एस. (गैस इंसुलिटेड स्विच गियर सबस्टेशन) का निर्माण पूरा कर लिया है। करीब 38 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भोपाल की घनी आबादी स्थित ई-8 अरेरा कॉलोनी में 50 एम.व्ही.ए. क्षमता के साथ इस सबस्टेशन को ऊर्जीकृत किया गया।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि इस सबस्टेशन के प्रारंभ हो जाने से मध्य भोपाल क्षेत्र में विद्युत पारेषण व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ भोपाल को अति उच्चदाब सबस्टेशन का एक और विकल्प उपलब्ध हो गया है। भोपाल शहर में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का यह 11वां अति उच्चदाब सबस्टेशन है जो क्रियाशील है।

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने बताया कि भोपाल में विद्युत की बढ़ती मांग को देखते हुए मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को भोपाल शहर में अतिरिक्त सबस्टेशन के निर्माण की जरूरत महसूस हुई। भोपाल जैसी घनी आबादी में परम्परागत सबस्टेशन और लाइनों के निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि की उपलब्धता न रहने के कारण मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने भोपाल में जी.आई.एस. सबस्टेशन (गैस इंसुलिटेड स्विच गियर सबस्टेशन) तैयार करने का निर्णय लिया।

जी.आई.एस. सबस्टेशन (गैस इंसुलिटेड स्विच गियर सबस्टेशन) के निर्माण में परम्परागत एयर इंसुलेटेड सबस्टेशनों के मुकाबले कम भूमि की जरूरत पड़ती है। इस तकनीक से सबस्टेशन के निर्माण का बजट परम्परागत सबस्टेशन की तुलना में लगभग ढाई गुना अधिक रहता है, पर मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने राजधानी भोपाल की जरूरत को देखते हुए इस निर्माण की मंजूरी दी। गैस इंसुलेटेड चेंबर में रहने के कारण इन सबस्टेशनों के उपकरणों में कम खराबी आती है। इन्हें बोलचाल की भाषा में "मेंटीनेंस फ्री" सबस्टेशन भी कहा जाता है।

प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने बताया कि इस 132 के.व्ही. जी.आई.एस. सबस्टेशन के निर्माण से सबसे अधिक फायदा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शाहपुरा, ई-8 अरेरा कॉलोनी, गोविंदपुरा एवं त्रिलंगा क्षेत्र के लगभग 5 लाख की घनी आबादी को होगा। इन्हें गुणवत्तापूर्ण विद्युत उचित वोल्टेज पर प्राप्त हो सकेगी। साथ ही 33 के.व्ही. फीडरों की लंबाई कम हो जाने से इन लाइनों में विद्युत व्यवधान होने की स्थिति में जल्द सुधार कार्य संभव हो सकेगा। इस नवनिर्मित सबस्टेशन से भोपाल की घनी आबादी में 33 के.व्ही. के 8 फीडरों को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

खेल चर्चा

पैरा तैराक सत्येंद्र ने नॉर्थ चैनल पार कर रचा इतिहास

डबलिन, मध्यप्रदेश के दिव्यांग (पैरा) तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया ने आयरलैंड में नॉर्थ चैनल समुद्र को पार कर नया इतिहास रच दिया है। सत्येंद्र ने 36 किलोमीटर लंबे नॉर्थ चैनल को 14 घंटे 39 मिनट में पार कर रिकॉर्ड बनाया है। सत्येंद्र इंग्लिश चैनल, कैटलिना चैनल और अब नॉर्थ चैनल को पार करने वाले पहले एशियाई पैरा तैराक बन गए हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्येंद्र को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि सत्येंद्र ने बेहद कठिन और बर्फीले पानी वाले नॉर्थ चैनल को पार कर मध्यप्रदेश और देश, दोनों को पुनः गौरवान्वित किया है। सत्येंद्र पैरालिंपिक और वर्ल्ड पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण सहित कई पदक जीत चुके हैं।

किपचोगे ने मैराथन रेस में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

बर्लिन, केन्या के ओलिंपिक चैम्पियन मैराथन धावक इलियुड किपचोगे ने मैराथन दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। किपचोगे ने बर्लिन मैराथन में दो घंटे एक मिनट और 9 सेकेंड का समय निकालकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। किपचोगे ने वर्ष 2018 में बर्लिन मैराथन के दौरान दो घंटे एक मिनट और 39 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। रेस में मार्क कोरिर दूसरे तथा इथियोपिया के तदू अबाते तीसरे स्थान पर रहे। किपचोगे ने चौथी बार बर्लिन मैराथन रेस जीती है। किपचोगे वर्ष 2015, 2017 और 2018 में भी बर्लिन मैराथन के चैम्पियन बने थे।

भारत ए ने न्यूजीलैंड ए को 3-0 से हराया

चेन्नई, भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेली गई तीन मैचों की अनाधिकारिक वन-डे सीरीज को भारत ए ने 3-0 से जीत लिया है। भारत ए ने सीरीज के तीसरे और अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड ए को 106 रन से हराया। इससे पहले भारत ने सीरीज का पहला मैच 7 विकेट से तथा दूसरा मैच 4 विकेट से जीता था। सीरीज के तीसरे मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 284 रन बनाये। भारत के लिए संजू सैमसन ने 54, तिलक वर्मा ने 50 तथा शार्दुल ठाकुर ने 51 रन बनाये। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ए टीम 38.3 ओवरों में 178 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड ए के लिए डेन क्लीवर ने सर्वाधिक 83 रन बनाये।

भारत वर्ष 2023 में आयोजित करेगा पहली मोटो ग्रांप्री

नई दिल्ली, भारत ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में देश की पहली मोटो ग्रांप्री विश्व चैम्पियनशिप रेस की मेजबानी करेगा। यह रेस वर्ष 2023 में आयोजित की जायेगी। इस रेस को ग्रांप्री ऑफ इंडिया नाम दिया गया है। मोटो ग्रांप्री के व्यवसायिक अधिकारों के मालिक डोर्ना ने भारत में अगले सात वर्षों तक प्रीमियर दुपहिया रेसिंग प्रतियोगिता के लिए नोएडा के रेस प्रोमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस रेस में 19 देशों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। अभी इस रेस की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। मोटो ग्रांप्री द्वारा जल्द वर्ष 2023 का रेस कैलेंडर जारी किया जायेगा।

भारत-ऑस्ट्रेलिया ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

हैदराबाद, भारतीय क्रिकेट टीम ने आगामी आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करते हुए मौजूदा विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को ट्वेंटी-20 सीरीज में 2-1 से हराया है। भारत ने सीरीज के तीसरे और अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज कैमरून ग्रीन ने मैच की शुरुआत से तावड़तोड़ रन बनाना शुरू कर दिए। एक ओर जहां कैमरून तेजी से रन बना रहे थे वहीं एरॉन फिंच (7), स्टीव स्मिथ (9) और ग्लैन मैक्सवेल (6) को सस्ते में आउट कर भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाये रखा। ग्रीन ने 19 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर 52 रन बनाकर आउट हुए। ग्रीन के आउट होने के बाद जोस इंग्लिश (24), टिम डेविड (54) और डेनियल सैम्स (28) ने तेजी से रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया को निर्धारित 20 ओवरों में 186 के स्कोर तक पहुंचाया। भारत के लिए अक्षर पटेल ने 3 तथा भुवनेश्वर कुमार, युजवेंद्र चहल और हर्षल पटेल ने 1-1 विकेट लिए।

जीत के लिए मिले 187 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय क्रिकेट टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल (1) पहले ओवर में ही डेनियल सैम्स का शिकार बन गए। दूसरे छोर से कप्तान रोहित शर्मा ने तेजी से रन बनाने की कोशिश की, लेकिन 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 62 गेंदों में 104 रनों की साझेदारी हुई। सूर्यकुमार यादव ने 36 गेंदों में 69 रन बनाये वहीं विराट ने 48 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली। अंतिम ओवरों में हार्दिक पंड्या ने 16 गेंदों में नाबाद 25 रन बनाकर भारत को शानदार जीत दिलाई। भारत ने 1 गेंद शेष रहते 6 विकेट से मैच जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की। इससे पहले सीरीज का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से तथा दूसरा मैच भारत ने 6 विकेट से जीता था।

- **मैच के दौरान विराट कोहली ने अपने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय कैरियर का 33वां अर्धशतक बनाया।**
- **रोहित की कप्तानी में भारत ने लगातार नौवीं द्विपक्षीय सीरीज जीती है।**
- **भारतीय टीम ने नौ वर्ष बाद ऑस्ट्रेलिया को घरेलू ट्वेंटी-20 सीरीज में हराया है।**
- **भारत ने एक वर्ष में सर्वाधिक ट्वेंटी-20 मैच जीतने का विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है।**
- **भारत ने वर्ष 2022 में 21 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच जीते हैं, पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान (20) के नाम था।**

विश्व टीम ने जीता लेवर कप

लंदन, विश्व टीम ने टेनिस की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक लेवर कप का खिताब अपने नाम किया है। विश्व टीम ने यह प्रतियोगिता पहली बार जीती है। विश्व टीम ने टूर्नामेंट में स्टार खिलाड़ियों से भरी यूरोप टीम को 13-8 से हराया।

टूर्नामेंट के पहले दिन यूरोप टीम के कैस्पर रूड ने विश्व टीम के जैक सोक्स को पहले मैच में 6-4, 5-7, 10-7 से हराकर यूरोप टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद स्टेफानोस सितसिपास ने डिएगो श्वॉर्टमैन को 6-2, 6-1 से हराकर यूरोप टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। एलेक्स डि मिनोर ने एंडी मरे को 5-7, 6-3, 10-7 से हराकर विश्व टीम की वापसी कराई। इसके बाद जैक सोक्स और फ्रांसिस टियाफोए की जोड़ी ने युगल मैच में राफेल नडाल और रोजर फेडरर की जोड़ी को हराया।

टूर्नामेंट के दूसरे दिन यूरोप टीम के लिए माटेओ बैरेटिनी और नोवाक जोकोविच ने अपने-अपने एकल मैच जीते वहीं विश्व टीम के लिए टेलर फ्रिट्ज ने एकल मैच जीता। इसके बाद बैरेटिनी और जोकोविच की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जैक सोक्स और एलेक्स डि मिनोर की जोड़ी को हराकर टीम यूरोप की बढ़त को 8-4 कर दिया।

टूर्नामेंट के तीसरे दिन जैक सोक्स और फेलिक्स अगुर एलियासिमे की जोड़ी ने बैरेटिनी और एंडी मरे की जोड़ी को हराकर तीन अंक अर्जित किए। इसके बाद एलियासिमे ने एकल मुकाबले में जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर किया, जबकि फ्रांसिस टियाफोए ने स्टेफानोस सितसिपास को हराकर विश्व टीम की बढ़त को 13-8 कर दिया। इसके साथ ही विश्व टीम ने खिताब अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की मुख्य कोच बनीं शैली

मेलबर्न, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व ऑलराउंडर शैली निश्के को महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। विश्व की सबसे कामयाब महिला ऑलराउंडरों में शुमार शैली पूर्व मुख्य कोच मैथ्यू मोट की जगह लेंगी। मैथ्यू ने इसी वर्ष अपने पद से इस्तीफा दिया था। शैली वर्ष 2018 से ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की सहायक कोच थीं और मैथ्यू मोट के साथ काम कर रहीं थी। शैली का कार्यकाल अगले चार वर्ष तक रहेगा। मुख्य कोच के रूप में शैली की पहली सीरीज भारत के खिलाफ होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम दिसंबर 2022 में भारत का दौरा करेगी। शैली बिग बैश लीग की टीम पर्थ स्कॉर्चर्स की मुख्य कोच भी रह चुकी हैं। शैली के मार्गदर्शन में पर्थ स्कॉर्चर्स ने वर्ष 2021 में बिग बैश लीग जीती थी।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने

इंग्लैंड को वनडे में किया क्लीन स्वीप

लंदन, इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज का 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। भारतीय टीम ने इस जीत के साथ अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को यादगार विदाई दी। ये झूलन के क्रिकेट कैरियर का आखिरी मैच था।

भारत ने वन-डे सीरीज का पहला मैच 7 विकेट से तथा दूसरा मैच 88 रन से जीता था। इससे पहले इंग्लैंड ने तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 2-1 से जीती थी।

तीसरे मैच में इंग्लैंड ने गेंदबाजी के लिए अनुकूल पिच पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने 29 रन के स्कोर पर 4 बल्लेबाजों को आउट कर भारतीय टीम को दबाव में ला दिया। इसके बाद स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 58 रन जोड़े। मंधाना ने 50 रनों की पारी खेली वहीं दीप्ति एक छोर पर टिकी रहीं और नाबाद 68 रन

बनाये। दीप्ति की जुझारू पारी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम 169 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड के लिए कैट क्रॉस ने सर्वाधिक चार विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट और एमा लंब ने सधी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 27 रनों की साझेदारी की। इसके बाद तेज गेंदबाज रेनुका सिंह ने भारत की वापसी कराई और टैमी, एमा और सोफिया का विकेट लेकर इंग्लैंड को दबाव में ला दिया। इस दबाव के चलते इंग्लैंड के 7 विकेट महज 65 रन पर गिर गए। इसके बाद एमी जोंस (28) और चार्ली डीन (47) ने उपयोगी पारी खेलकर इंग्लैंड को मैच में बनाये रखा। भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने चार्ली डीन को आउट कर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

- **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वन-डे सीरीज में इंग्लैंड को क्लीन स्वीप किया है।**
- **भारतीय टीम ने 23 वर्ष बाद इंग्लैंड में वन-डे सीरीज जीती है।**

पश्चिम जोन ने जीती दलीप ट्रॉफी

कोयंबटूर, पश्चिम जोन ने दलीप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है। पश्चिम जोन ने टूर्नामेंट के फाइनल में दक्षिण जोन को 294 रनों से हराया। मैच में एक समय पश्चिम जोन पहली पारी में दक्षिण जोन से पिछड़ गया था। इसके बावजूद पश्चिम जोन ने खिताब अपने नाम किया। मैच में पश्चिम जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 270 रन बनाये। इसके जवाब में दक्षिण जोन ने पहली पारी में 327 रन बनाकर 57 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 265 रन और सरफराज खान की नाबाद 127 रनों की पारी की मदद से पश्चिम जोन ने चार विकेट खोकर 585 रन बनाये और पारी घोषित की। जीत के लिए मिले 529 रनों के लक्ष्य के जवाब में दक्षिण जोन की टीम 234 रन ही बना सकी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम जोन ने रिकॉर्ड 19वीं बार दलीप ट्राफी पर कब्जा जमाया है। इस वर्ष पश्चिम जोन के कप्तान अंजिक्य रहाणे हैं।

दिलीप टिर्की बने हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष

नई दिल्ली, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। दिलीप को हॉकी

इंडिया के चुनाव से पहले ही निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। पहले अध्यक्ष पद के लिए दिलीप के अलावा उत्तरप्रदेश हॉकी संघ के प्रमुख राकेश कात्याल और झारखंड हॉकी संघ के भोलानाथ सिंह भी नामांकन किया था, लेकिन इन दोनों ने बाद में अपना नाम वापस ले लिया था जिसके बाद दिलीप को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वहीं भोलानाथ सिंह हॉकी इंडिया के महासचिव चुने गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने हॉकी इंडिया के चुनाव पर अध्यक्ष दिलीप टिर्की और उनकी टीम को बधाई दी है। वर्ष 1995 में इंग्लैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करने वाले दिलीप ने भारत के लिए 412 मैच खेले हैं।

एलेक्जेंड्रोवा ने जीता कोरिया ओपन का खिताब

सियोल, रूस की महिला टेनिस खिलाड़ी एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने कोरिया ओपन मे बड़ा उलटफेर करते हुए खिताब अपने नाम किया है। एलेक्जेंड्रोवा ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में लात्विया की जेलेना ओस्तोपेंको को लगातार सेटों में 7-6 (7-4) और 6-0 से हराया। दोनों खिलाड़ियों ने मैच के पहले सेट में शानदार खेल दिखाया। पहले सेट में स्कोर 6-6 से बराबर रहने पर सेट का फैसला टाईब्रेकर से हुआ टाईब्रेकर में एलेक्जेंड्रोवा ने बाजी जीती। इस जीत से एलेक्जेंड्रोवा का मनोबल बढ़ गया और उन्होंने दूसरे सेट में ओस्तोपेंको के खिलाफ जबरदस्त खेल दिखाया। एलेक्जेंड्रोवा ने यह सेट एकतरफा अंदाज में 6-0 से जीता। एलेक्जेंड्रोवा के टेनिस कैरियर का यह तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है। एलेक्जेंड्रोवा और ओस्तोपेंको की टेनिस में यह सातवीं भिड़ंत थी, जिसमें एलेक्जेंड्रोवा ने पांचवीं बार जीत दर्ज की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

सामयिकी

भारत-जापान के बीच कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री श्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री ने पूर्व

प्रधानमंत्री शिंजो आबे के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने भारत-जापान साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विज़न की परिकल्पना में दिवंगत प्रधानमंत्री आबे के योगदान को रेखांकित किया। दोनों राजनेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने से संबंधित विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। उन्होंने कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। राजनेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने तथा इस क्षेत्र में एवं विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय समूहों और संस्थानों में साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया।

प्रधानमंत्री का गुजरात दौरा

सबके प्रयास से राष्ट्र के विकास की गति तेज होती है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सूरत में 3400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सदी के शुरुआती दशकों में जब दुनिया में 3-पी यानि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप की चर्चा होती थी, तब मैं कहता था कि सूरत 4-पी का उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा, "4-पी यानि पीपुल, पब्लिक, प्राइवेट पार्टनरशिप। यही मॉडल सूरत को विशेष बनाता है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत शहर लोगों की एकजुटता और जनभागीदारी, दोनों का बहुत ही शानदार उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत की सबसे बड़ी खासियत ये है कि ये शहर श्रम का सम्मान करने वाला शहर है।

- **दुनिया के पहले सीएनजी टर्मिनल की आधारशिला प्रधानमंत्री ने रखी।**
- **सूरत में 3400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। इनमें जल आपूर्ति, जल निकासी परियोजनाओं, ड्रीम सिटी, जैव विविधता पार्क और अन्य विकास कार्यों जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, विरासत बहाली, सिटी बस/बीआरटीएस आधारभूत संरचना, इलेक्ट्रिक वाहन आधारभूत संरचना और केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संयुक्त विकास कार्य शामिल हैं।**
- **भावनगर में क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन किया गया।**

सूरत के कपड़ा और हीरे के कारोबार के बारे में बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत के कपड़ा और हीरा कारोबार से देशभर के अनेक परिवारों का जीवन चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्रीम सिटी प्रोजेक्ट जब पूरा हो जाएगा तो सूरत, विश्व के सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक डायमंड ट्रेडिंग हब के रूप में विकसित होगा। लॉजिस्टिक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि कारोबार और व्यापार में लॉजिस्टिक का कितना अधिक महत्व है। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक पॉलिसी के बारे में चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे सूरत को बहुत लाभ होने वाला है। उन्होंने कहा कि मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी पर भी सूरत में एक बड़ी परियोजना पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों के आगमन पर जोर दिया और कहा कि सूरत जल्द ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भी जाना जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि अभी तक केंद्र सरकार देश भर में इलेक्ट्रिक वाहन चलाने में सरकारों की मदद कर रही है और देश के अन्य शहरों की तुलना में सूरत इस मामले में एक कदम आगे है। प्रधानमंत्री ने कहा, "जब विश्वास बढ़ता है, प्रयास बढ़ता है और सबके प्रयास से राष्ट्र के विकास की गति तेज होती है।"

भावनगर में 5200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भावनगर में 5200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने भावनगर में दुनिया के पहले सीएनजी टर्मिनल और ब्राउनफील्ड पोर्ट की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन किया, जो 20 एकड़ में फैला है और इसे लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने सौनी योजना लिंक 2 के पैकेज 7, 25 मेगावॉट पालिताना सौर पीवी परियोजना, एपीपीएल कंटेनर (आवदकृपा प्लास्टोमेक प्राइवेट लिमिटेड) परियोजना सहित कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया और सौनी योहना लिंक 2 के पैकेज 9, चोरवडला जोन जलापूर्ति परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा, एक तरफ देश जहां आजादी के 75 वर्ष पूरे कर चुका है, वहीं इस साल भावनगर अपनी स्थापना के 300 वर्ष पूरे करने जा रहा है। 300 वर्षों की अपनी इस यात्रा में भावनगर ने सतत विकास की, सौराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। भावनगर की इस विकास यात्रा को आज शुरू की जा रही योजनाओं से नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि राजकोट-जामनगर-भावनगर क्षेत्र में जल्द ही सूरत-वडोदरा-अहमदाबाद के समान परिवेश होगा। उन्होंने कहा कि भावनगर में उद्योग, कृषि और व्यापार की अपार संभावनाएं हैं।

ताइवान को लेकर चीन ने दी धमकी

चीन ने ताइवान पर अपने दावे को लेकर प्रतिबद्धता रेखांकित करते हुए पिछले दिनों विश्व नेताओं से कहा कि जो कोई भी

- **ताइवान 1949 के गृहयुद्ध के बाद चीन से अलग हो गया था। चीन बराबर ताइवान पर अपना दावा ठोकता रहता है और उसे अपने प्रांतों में से एक के रूप में देखता है।**

स्वशासित द्वीप एकीकरण के उसके संकल्प के रास्ते में आएगा, उसे करारा जवाब का सामना करना पड़ेगा। चीन ताइवान पर अपने दावे का जोरदार बचाव करता है।

चीन के विदेश मंत्री वांय यी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 'जब चीन एकीकृत हो जाएगा तभी ताइवान सागर क्षेत्र में सच्ची शांति हो सकती है। चीन बाहरी हस्तक्षेप पर जवाब देने के लिए सबसे सशक्त कदम उठाएगा।' अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान की हालिया यात्रा से अमेरिका और चीन के बीच तनाव और बढ़ा है। चीन के लिए ताइवान देश की नीति का मुख्य मुद्दा रहा है।

चीन ने अमेरिका पर ताइवान के मसले पर बहुत गलत और खतरनाक संकेत भेजने का आरोप लगाया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने मीडिया को बताया कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और चीन के विदेश मंत्री वांय यी के बीच हुई 90 मिनट की वार्ता में ताइवान पर ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारी ने कहा, हमारे विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि हमारी लंबे समय से चली आ रही चीन नीति में फिर से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

लेबनान में अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिए सत्र बुलाया गया

आर्थिक मंदी का सामना कर रहे लेबनान की संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी ने देश के अगले राष्ट्रपति के चुनाव के लिए एक सत्र बुलाने की घोषणा की। अध्यक्ष बेरी द्वारा जारी एक मेमो के अनुसार, संसद सत्र जल्दी ही बुलाया जाएगा। लेबनान की सम्प्रदायवादी सत्ता बंटवारे की व्यवस्था के तहत देश के 128 सदस्यीय संसद राष्ट्रपति के लिए मतदान करते हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति माइकल ओन का छह साल का कार्यकाल 31 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। वह सेना के सेवानिवृत्त जनरल और ईरान समर्थित हिजबुल्ला समूह के सहयोगी हैं। ओन के उत्तराधिकारी का चुनाव ऐसे वक्त में किया जाना है जब लेबनान आर्थिक मंदी से जूझ रहा है और सरकार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से बेलआउट पैकेज लेने के लिए संरचनात्मक सुधार लागू करने में संघर्ष कर रही है।

ऑस्ट्रेलिया में डेटा उल्लंघन के बाद सख्त साइबर सुरक्षा कानूनों पर विचार

ऑस्ट्रेलिया ने 98 लाख ग्राहकों के व्यक्तिगत डेटा के उल्लंघन के लिए देश की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी

- **ज्ञात रहे कि पिछले दिनों हुए साइबर हमले में ऑस्ट्रेलिया के 98 लाख लोगों की व्यक्तिगत जानकारी चुरा ली गई थी।**
- **साइबर सुरक्षा मंत्री क्लेयर ओ'नील ने ऑस्ट्रेलिया के "ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प" को बताया कि यह "ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में उपभोक्ता जानकारी की अभूतपूर्व चोरी" थी।**

"ऑप्टस" को दोषी ठहराते हुए कहा कि सरकार दूरसंचार कंपनियों के लिए कड़े साइबर सुरक्षा नियमों पर विचार कर रही है।

ओ'नील ने कहा कि 28 लाख वर्तमान और पूर्व ऑप्टस ग्राहकों के डेटा उल्लंघन में "महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जानकारी" शामिल है, जिसमें ड्राइवर के लाइसेंस और पासपोर्ट नंबर आदि हैं। उन्होंने कहा कि उन 28 लाख लोगों को पहचान और धोखाधड़ी के जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। ओ'नील ने संसद में कहा, "इस कार्रवाई की प्रकृति ऐसी है जो हमें इस देश में एक बड़े दूरसंचार प्रदाता में देखने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।" ओ'नील ने कहा कि कुछ देशों में, इस तरह के उल्लंघन के परिणामस्वरूप "सैकड़ों डॉलर की राशि" का जुर्माना लगाया जाता है। ऑस्ट्रेलियाई कानून वर्तमान में ऑप्टस को उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाने की अनुमति नहीं देता है।

रूस से यूरोप जाने वाली नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइन में रिसाव

स्वीडन के राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क ने कहा कि उसने बाल्टिक सागर के नीचे रूसी गैस पाइपलाइन में असामान्य रिसाव के पास

- **पोलैंड और डेनमार्क के नेताओं और विशेषज्ञों ने रूस से बाल्टिक सागर होते हुए जर्मनी पहुंचने वाली प्राकृतिक गैस की दो पाइपलाइन में हुए असामान्य रिसाव को लेकर इनके साथ छेड़छाड़ किए जाने की आशंका जताई है।**

दो विस्फोटों का पता लगाया है। नेटवर्क ने कहा कि बोर्नहोम के डेनिश द्वीप के दक्षिणपूर्व में एक विस्फोट दर्ज किया जबकि दूसरा विस्फोट द्वीप के उत्तर-पूर्व में दर्ज किया। नेटवर्क ने कहा कि बाद वाला विस्फोट 2.3 तीव्रता के भूकंप के बराबर था।

पाइपलाइन में यह समस्या ऐसे समय पर आई है जब पोलैंड और यूरोप को रूसी गैस आपूर्ति से अलग करने के लिए तैयार पाइप लाइन का उद्घाटन होना है। अधिकारियों ने बताया कि रिसाव से ऊर्जा आपूर्ति को खतरा नहीं है क्योंकि रूस इस पाइपलाइन के जरिए गैस की आपूर्ति नहीं कर रहा है। विशेषज्ञों ने कहा है कि पर्यावरण पर इसका सीमित प्रभाव होगा। डेनमार्क के अधिकारियों ने घोषणा की थी कि नॉर्ड स्ट्रीम-2 पाइपलाइन में रिसाव का पता चला है जिसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने बाद में बताया कि नॉर्ड स्ट्रीम-1 पाइपलाइन के गैस दबाव में भी उल्लेखनीय कमी आई है जिससे हाल तक जर्मनी को गैस की आपूर्ति की जा रही थी। इसके बाद स्वीडन के समुद्र प्रशासन ने बताया कि उसके क्षेत्र से गुजर रहे नॉर्ड स्ट्रीम-1 में दो स्थानों पर रिसाव का पता चला है। डेनमार्क के अधिकारियों ने भी रिसाव की पुष्टि की है। डेनमार्क के समुद्री मामलों के अधिकारियों ने पोतों को चेतावनी दी है और रिसाव वाले क्षेत्र में आवाजाही रोक दी है ताकि नौका या पोत इस क्षेत्र से न गुजर सके।

यूक्रेन ने रूस के पक्ष में जनमत संग्रह का नतीजा अस्वीकार किया

यूक्रेन की 15 प्रतिशत भूमि को रूस में मिलाने को हुए जनमत संग्रह के परिणाम से दुनिया में तनाव बढ़ गया है। जनमत संग्रह का शुरू से विरोध कर रहे यूक्रेन ने इसके परिणाम की भर्त्सना की है।

रूसी सेना के कब्जे वाले चार यूक्रेनी क्षेत्रों में जनमत संग्रह की प्रक्रिया पूरी हुई थी। इसके बाद मतों की गिनती हुई। रूसी अधिकारियों के अनुसार लुहांस्क, डोनेस्क, खेरसान और जपोरीजिया के लोगों ने बड़े बहुमत से रूस में शामिल होने की इच्छा जताई है। रूसी संसद के उच्च सदन के प्रमुख ने कहा है कि जनमत संग्रह के परिणाम पर संसद चार अक्टूबर को विचार कर सकती है। संसद की स्वीकृति और उसके बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर के बाद यूक्रेन के चारों इलाके औपचारिक रूप से रूस का हिस्सा बन जाएंगे। 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप को भी रूस ने इसी प्रक्रिया से शामिल कर लिया था। रूस के पूर्व राष्ट्रपति और पुतिन के विश्वस्त दिमित्री मेदवेदेव ने चारों क्षेत्रों के लोगों का घर में वापस आने के लिए स्वागत किया है। विदित हो कि यूक्रेन पहले सोवियत संघ का ही हिस्सा था। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि कब्जे वाले इलाकों में फर्जी तरीके से मतदान कराके यूक्रेनी भूमि को शामिल करने का कदम पूरी तरह से अवैध और भर्त्सना योग्य है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।